हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः ॥

रामनवमी विशेषांक

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 27 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 114 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,34,650 | ₹ 2,50,000 |



## आज का इतिहास

**1898 :** भारत के मुसलमानों के लिए आधुनिक शिक्षा की शुरूआत करने वाले सर सैयद अहमद खान का निधन हुआ। इन्होंने मुहम्मदन एंग्लो-ओरिएण्टल कॉलेज की स्थापना की जो बाद में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी बना।

**2012 :** अब एक दिन परमाणु सुरक्षा एक प्रमुख मुद्दा था, इसलिए विश्व नेताओं ने दक्षिण कोरिया में एक शिखर सम्मेलन के दौरान परमाणु सुरक्षा के बारे में चर्चा की।

## न्यूज बाइट्स

### बस नदी में गिरी, 26 लोगों की मौत, कई लापता

**ढाका (बांग्लादेश)(नि.सं.)।** यह हादसा दाउलतदिया घाट पर उस समय हुआ, जब बस को फेरी (बड़ी नाव) पर चढ़ाया जा रहा था। अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कुछ ही सेकंड में बस सीधे पद्मा नदी में जा गिरी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिनमें अधिकांश लोग ईद के बाद राजबाड़ी से ढाका लौट रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। कुल 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। कई अन्य लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। घटना के बाद राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया।

ईरान संघर्ष के बाद उत्पन्न वैश्विक हालात पर चर्चा होने की संभावना

# पीएम आज मुख्यमंत्रियों से करेंगे बात

- अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग के खत्म होने की उम्मीद कम होती जा रही है। दोनों तरफ से हमले लगातार बढ़ रहे हैं। इस युद्ध का असर केवल मिडिल-ईस्ट में नहीं बल्कि दुनिया के कई हिस्सों में पड़ रहा है।



एजेंसी | नई दिल्ली

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो संवाद के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में ईरान संघर्ष के बाद उत्पन्न वैश्विक हालात पर चर्चा होने की संभावना है। हालांकि चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे।

प्रधानमंत्री ने 24 मार्च को राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान कहा था कि यदि ईरान संघर्ष जारी रहा, तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी थी कि आने वाला समय कोरोना काल जैसी कठिन परीक्षा लेकर आ सकता है, ऐसे में केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करना होगा। इस बीच केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत के पास लगभग 60 दिनों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। मंत्रालय ने सामाजिक माध्यमों पर फैल रही कमी की खबरों को भ्रामक बताते हुए इसे अफवाह करार दिया है।

### बेवजह पेट्रोल पंप पर लाइन न लगाएं, कोई कमी नहीं

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अफसोस की बात ये है कि जब हुकूमत की तरफ से बात होती है तो उसको कोई नहीं सुनता लेकिन अफवाहों पर सब लोग यकीन करते हैं। फिलहाल किसी भी चीज की कमी नहीं है, चाहे पेट्रोल-डीजल या एलपीजी सिलेंडर हों। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो लोग अफवाहों के कारण पेट्रोल पंप पर लाइन लगाए हुए हैं, उनसे गुजारिश है कि सरकार मजबूर मत करिए नहीं तो कुछ दिनों के लिए पेट्रोल पंप ही बंद करने होंगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर अफवाहों के आधार पर पेट्रोल पंप के बाहर डेरा जमाए रखोगे तो बेवजह हालात खराब हो जाएंगे। फिलहाल किसी चीज की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि कल पीएम मोदी के साथ है, उसमें आगे की जानकारी मिलेगी। फिलहाल पूरे देश में तेल की चीजों की कोई कमी नहीं है।

### टीम इंडिया की तरह करना होगा काम

इससे पहले 24 मार्च को पीएम मोदी ने संसद में कहा था कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग यदि जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाले वक्त देश की कड़ी परीक्षा लेगा। इस परीक्षा को पास करने के लिए केंद्र को राज्यों के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। हमें टीम इंडिया के जैसे काम करना होगा।

सरकार के अनुसार, इस तरह की झूठी खबरों का उद्देश्य बाजार में घबराहट पैदा करना और अनावश्यक खरीदारी को बढ़ावा देना है। ऐसे में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। कुल मिलाकर, केंद्र सरकार ने एक ओर संभावित वैश्विक संकट को लेकर राज्यों के साथ समन्वय बढ़ाने की तैयारी की है, वहीं दूसरी ओर देश में ईंधन आपूर्ति को लेकर लोगों को आश्वस्त करने का प्रयास किया है।

### ईरान युद्ध से कोविड जैसे हालात का खतरा : पुतिन



**नई दिल्ली (ए.)।** मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान से जुड़े चल रहे संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध वैश्विक स्तर पर कोविड महामारी जैसे हालात पैदा कर सकता है और इसके प्रभाव का सटीक अनुमान लगाना फिलहाल संभव नहीं है। मॉस्को में व्यापारिक नेताओं से बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के परिणामों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इस युद्ध में शामिल देशों को भी इसके व्यापक असर का पूरा अंदाजा नहीं है। उनके अनुसार, इस संघर्ष का प्रभाव अंतरराष्ट्रीय परिवहन व्यवस्था, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पुतिन ने बताया कि तेल और गैस, धातु तथा उर्वरक क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों पर दबाव बढ़ रहा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। इसी बीच खबरें सामने आई हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिक) ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनी दी है। यह जलडमरूमध्य रेड सी (लाल सागर) को अरब सागर से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

# रामनवमी पर हाई अलर्ट : सुरक्षा कड़ी, पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

निज संवाददाता | पटना



बिहार में रामनवमी के मद्देनजर पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। राज्य के विभिन्न जिलों में बी-सैप और रिजर्व बल की कुल 45 कंपनियां लगाई गई हैं, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

बुधवार को पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक और जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शरारती और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। राज्य में 29 मार्च तक अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक के साथ पुलिस महानिदेशक (अभियान) कुंदन कृष्णन भी मौजूद रहे। सभी जिलों को निर्देश दिया गया कि प्रमुख मंदिरों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाए, सादे वेश में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती हो तथा बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ते को सक्रिय रखा जाए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था) पंकज कुमार दराद ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर मंदिरों और ठाकुरबाड़ियों में भारी भीड़ उमड़ती है। इसके अलावा कई स्थानों पर महावीरी झंडा जुलूस और शोभायात्राएं भी निकलती हैं। ऐसे आयोजनों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। राज्य के जिलों को बी-सैप की 30 कंपनियां, क्षेत्रीय कार्यालयों की रिजर्व 12 कंपनियां और केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की 3 कंपनियां उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही 21 हजार से अधिक नव नियुक्त प्रशिक्षु सिपाही, सहायक अवर निरीक्षक और 5100 से अधिक होमगार्ड की भी ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस मुख्यालय ने गया, रोहतास, नालंदा, दरभंगा, नवगछिया और खगड़िया जिलों को संवेदनशील घोषित किया है। इन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सामाजिक माध्यमों पर फैलने वाली अफवाहों पर तत्काल रोक लगाने और उनका खंडन करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक घटना की स्थिति में संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर पहुंचेंगे। आपात स्थिति से निपटने के लिए दंगा निरोधक इकाइयों को हेलमेट, सुरक्षा उपकरण, अश्रु गैस, जल तोप और लाठियों से सुसज्जित किया गया है। हर जिले में त्वरित कार्रवाई के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल भी गठित किया गया है। रामनवमी के अवसर पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।

## पटना में 473 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन

**पटना (नि.सं.)।** पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का आज अंतिम दिन है। इस अवसर पर बापू सभागार में भव्य समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां बड़े स्तर पर की गई हैं। सभागार परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और विभिन्न विकास योजनाओं से जुड़े प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री आज पटना जिले में 473 करोड़ रुपये की लागत से 761 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही 583 करोड़ रुपये की 612 नई योजनाओं का शिलान्यास भी किया जाएगा। इसके अलावा वे जिले में चल रही विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

# आंध्र प्रदेश में भीषण सड़क हादसा : डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 14 यात्री की जिंदा जलकर हुई मौत



एजेंसी | मरकापुरम (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले के रायवरम के पास गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक निजी यात्री बस और डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में तुरंत भीषण आग लग गई और देखते ही देखते पूरी बस आग की चपेट में आ गई। इस हादसे में 14 यात्रियों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि 21 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि यात्रियों को बस से बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। कुछ ही समय में पूरी बस जलकर राख हो गई। हादसे के समय बस में कुल 35 यात्री सवार थे। यह बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी और सुबह लगभग 6 बजे यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल और पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि उस पर काबू पाने में करीब तीन घंटे का समय लग गया। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस अधीक्षक वी. हर्षवर्धन राजू ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने गहरा शोक व्यक्त किया है और अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

सरकार ने दी सख्त चेतावनी

# होटल-रेस्टोरेंट बिल में अब नहीं जुड़ेगा एलपीजी शुल्क




एजेंसी | नई दिल्ली

अब होटल और भोजनालय ग्राहकों के बिल में खाने की कीमत के अलावा मनमाने अतिरिक्त शुल्क नहीं जोड़ सकेंगे। केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि 'एलपीजी शुल्क', 'ईंधन शुल्क' या किसी भी तरह का अलग परिचालन खर्च ग्राहकों से वसूलना नियमों के खिलाफ है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कहा है कि भोजनालयों को अपनी सभी लागत जैसे गैस, बिजली या अन्य खर्च मेन्यू में तय कीमतों में ही शामिल करनी होगी। बिल में केवल सरकारी कर (जीएसटी) ही अलग से जोड़ा जा सकता है।

इस मामले को गंभीर मानते हुए सीसीपीए ने जांच की और पाया कि कई भोजनालय सेवा शुल्क पर लगी रोक को दरकिनार करने के लिए नए नामों से शुल्क वसूल रहे हैं। सीसीपीए ने साफ किया है कि अगर कोई होटल या भोजनालय इस तरह के अतिरिक्त शुल्क वसूलता है, तो इसे उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित संस्थान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मिडिल ईस्ट में जारी इज़राइल-ईरान संघर्ष के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसी के चलते भारत ने रूस से लगभग 6 करोड़ बैरल कच्चे तेल खरीदने का फैसला किया है, जो इस बार छूट के बजाय प्रीमियम पर मिल रहा है।

### 'गैस संकट शुल्क' का मामला आया सामने

बेंगलुरु के एक कैफे में ग्राहक से 5% 'गैस संकट शुल्क' वसूले जाने का मामला सामने आया। ग्राहक ने दो पुदीना नींबू पानी मंगवाए थे, जिनकी कीमत 358 थी। कैफे ने पहले छूट दी, लेकिन बाद में जीएसटी के साथ अतिरिक्त 'गैस शुल्क' जोड़कर कुल बिल 374 कर दिया।

## रामनवमी पर बिहार में भव्य शोभायात्राएं

निज संवाददाता | पटना

बिहार में रामनवमी के अवसर पर विभिन्न जिलों में भव्य शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। किशनगंज, कटिहार, गया, गोपालगंज, अररिया, औरंगाबाद और भागलपुर सहित कई जिलों में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आ रहे हैं और पूरे राज्य में उत्सव का माहौल बना हुआ है। गया में प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रेम कुमार हाथ में तलवार लिए दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। वहीं किशनगंज में शोभायात्रा में अनोखा दृश्य देखने को मिला, जहां महिलाएं सिर पर पगड़ी बांधकर बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर जुलूस में शामिल हुईं। करीब 8 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल हुए, जिससे आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश मिला।

कटिहार में 6 साल के एक बच्चे ने तलवारबाजी का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यहां आयोजित शोभायात्रा में लगभग एक लाख लोगों की भागीदारी रही। भागलपुर में भी बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में शामिल हुईं। राज्य के विभिन्न जिलों में निकली शोभायात्राओं में भगवान श्रीराम, माता जानकी, महादेव और बजरंगबली की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जा रही हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा में लूट को मिली खुली छूट, जोगियामारण पंचायत के योजनाओं में भारी अनियमितता का लगा आरोप अधिकारियों से जांच की मांग

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोगियामारण में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के मुखिया और अन्य अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने 15वीं वित्त योजना और षष्टम वित्त योजना के तहत निकाली गई राशि का दुरुपयोग किया है। जोगियामारण पंचायत के करमा गांव निवासी माहों साव के पुत्र बिरेन्द्र साव ने आरोप लगाया है कि मुखिया और अन्य अधिकारियों ने मनरेगा विभाग से भी राशि की निकासी की है, जबकि उस योजना का कार्य पहले ही पूरा हो चुका था। उन्होंने कहा कि इस तरह की भ्रष्टाचार से पंचायत के विकास कार्यों को नुकसान पहुंच रहा है। बिरेन्द्र साव ने यह भी आरोप लगाया है कि रजौली-गया रोड के पास पेवर ब्लॉक का कार्य किया जा रहा है, जो कि व्यक्ति विशेष के लाभ के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए वन विभाग की जमीन का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसके लिए कोई अनुमति नहीं ली गई है। इसके अलावा, बिरेन्द्र साव ने ग्राम बखौरी, खुशियाली भित्ता, सतगीर, भाईजी भित्ता, राधे बिगहा एवं भगवानपुर में चल रहे मनरेगा के योजनाओं में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में भी गलत तरीके से पैसे की निकासी की जा रही है। बिरेन्द्र साव ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की भ्रष्टाचार से पंचायत के विकास कार्यों को नुकसान पहुंच रहा है और सुशासन की सरकार की बदनामी हो रही है। उन्होंने योजनाओं की निष्पक्ष जांच हेतु बीडीओ रजौली समेत डीडीसी नवादा,डीएम नवादा,मगध आयुक्त एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव को लिखित आवेदन दिया है। वहीं इस संबंध में बीडीओ संजीव झा ने बताया कि उनके व्हाट्सएप पर जोगियामारण पंचायत में मनरेगा के योजनाओं से संबंधित शिकायत पत्र मिला है। उन्होंने कहा कि शिकायत की जांच हेतु मनरेगा पीओ को आवश्यक निर्देश दिया है।

### भाकपा माले का दो दिवसीय 11वां जिला सम्मेलन की सफलता को लेकर जनसम्पर्क

**कौआकोल।** आगामी 30 एवं 31 मार्च को जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड के प्रफुल्ल पटेल सभागार में आयोजित होने वाले भाकपा माले के 11 वां जिला सम्मेलन की सफलता को लेकर जनसम्पर्क किया जा रहा है। भाकपा माले के वरिष्ठ नेता दिलीप प्रसाद एवं मंटू कुमार के नेतृत्व में भाकपा माले कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों से नवादा के समग्र विकास के लिए आयोजित होने वाले जिला सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की जा रही है। भाकपा माले नेता दिलीप प्रसाद ने बताया कि उक्त दो दिवसीय जिला सम्मेलन का उद्घाटन भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड अमर करेंगे। जबकि पर्यवेक्षक के रूप में राज्य स्थाई समिति सदस्य कामरेड निरंजन कुमार मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में केंद्र एवं राज्य सरकार के विफल नीतियों पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### पदुमन छपरा में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**केसरिया, पू.च।** सीएचसी एवं डॉक्टर्स फॉर यू के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र के पदुमन छपरा में गुरुवार को स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर्स फॉर यू के बीसी शशिकांत सिंह ने कहा कि सभी लोगों को समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच अवश्य करानी चाहिए, जिससे किसी भी बीमारी का समय रहते पता चल सके। वहीं सीएचओ विष्णु कुमार ने भी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एएनएम खुशबू कुमारी, सेविका राव्या खातून, आशा कार्यकर्ता मुनी देवी, सेविका शिवानी देवी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है।

### चम्पारण सत्याग्रह महोत्सव में चम्पारण के लाल इंजीनियर गिरीश श्रीवास्तव देंगे प्रस्तुति

**केसरिया, पू.च।** चम्पारण के लाल एवं प्रखंड क्षेत्र के खिजिरपुरा निवासी इंजीनियर गिरीश श्रीवास्तव कोटवा के पट्टी जसौली में आयोजित तीन दिवसीय चम्पारण सत्याग्रह महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार की शाम अपनी प्रस्तुति देंगे। गिरीश श्रीवास्तव की प्रस्तुति को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे अपनी शानदार गायकी से पहले भी कई मंचों पर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। बताया जाता है कि गिरीश श्रीवास्तव देश के प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक हैं और अब तक एक सौ से अधिक मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। महोत्सव के अंतिम दिन उनकी प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मानी जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है।

### एलपीजी गैस नहीं मिलने के कारण एक युवक पिताम्बर बाबू की प्रतिमा भवन पर चढ़ा

**केसरिया, पू.च।** पितांबर चौक पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक पितांबर बाबू की प्रतिमा भवन पर चढ़ गया और अजीब हरकत करने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे नीचे उतरने के लिए समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। युवक का कहना था कि उसे गैस नहीं मिल रही है, जिससे वह काफी परेशान है। स्थिति को देखते हुए तत्काल सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने काफी मशक्कत और समझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। बताया जाता है कि युवक रामपुर कोडर का रहने वाला है। पुलिस टीम ने उसे शांत कराते हुए आगे की कार्रवाई के लिए केसरिया थाना को सुपुर्द कर दिया है। इस घटना के दौरान कुछ देर के लिए चौक पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, हालांकि पुलिस की तत्परता से स्थिति जल्द ही सामान्य कर ली गई।

### भारत विकास परिषद शाखा सुंदरम ने किया कन्या पूजन



**मोतिहारी।** भारत विकास परिषद शाखा सुंदरम एवं शिवम द्वारा चैत्र नवरात्रि में अष्टमी पूजन के अवसर पर प्रांतीय महिला सहभागिता धीरा गुप्ता के यहाँ कन्या पूजन का कार्यक्रम किया गया। सभी कन्याओ की विधिवत पूजा की गई एवं खीर, पूरी ,हलवा, चना की सब्जी एवं बुंदिया खिलाई गई । साथ ही सभी कन्याओं को टॉफी भी वितरित किए गए। सभी कन्याओं को पैसे देकर कन्या पूजन का कार्यक्रम किया गया और माता रानी से आशिर्वाद प्राप्त की गई। मौके पर प्रांतीय अध्यक्षा डॉक्टर पुतुल सिन्हा,प्रांतीय महिला सहभागिता धीरा गुप्ता,सुनंदा ,विमला , सुंदरम शाखा की सचिव नीरू तिवारी की उपस्थित थी। अन्य अन्य सदस्यों के साथ मिलकर नवरात्री त्योहार मनाया।

# कौआकोल के नावाडीह गांव में हाथियों का तांडव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- गेहूं की फसल किया बर्बाद, किसान बदहाल
- पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी ने जिला प्रशासन से की मुआवजे की मांग

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जंगली और पहाड़ी क्षेत्रों से सटे गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बुधवार की रात्रि नावाडीह गांव से सामने आया है,जहां दो दर्जन से अधिक हाथियों के एक विशाल झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरते हुए हजारों रुपये मूल्य की गेहूं की लहलहाती फसल को पूरी तरह रौंद कर नष्ट कर दिया है। प्रभावित किसान सुरेश चंद्रा, कारू यादव, लूटन यादव, जयप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, उर्मिला देवी और विशेशर यादव,आदि ने बताया कि बुधवार की रात अचानक हाथियों के झुंड ने खेतों में धावा बोल दिया। लगभग पांच बीघा से अधिक क्षेत्रफल में लगी गेहूं की फसल को हाथियों ने पैरों तले कुचल दिया। किसानों का कहना है कि उनकी साल भर की मेहनत और जमा पूंजी इस फसल में लगी थी,जो अब मिट्टी में मिल चुकी है। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। हाथियों के लगातार हो रहे मूवमेंट से नावाडीह और आसपास के गांवों के ग्रामीण गहरे डर और दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से हाथियों को खदेड़ने या सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं,जिससे उनकी जान-माल का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी ने प्रभावित किसानों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। उन्होंने जिला प्रशासन और वन विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि अविलंब स्थल निरीक्षण कर फसल क्षति का सही आकलन किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीड़ित किसान गरीब हैं, इसलिए उन्हें सरकार की ओर से उचित मुआवजा राशि जल्द से जल्द प्रदान की जाए ताकि वे इस आर्थिक संकट से उबर सकें।

## नरहट की छात्रा अनुष्का ने बढ़ाया मान, विद्यालय में हुआ सम्मान



समारोह में अनुष्का को सम्मानित करते अतिथि

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय रामपुर की वर्ग सप्तम की छात्रा कुमारी अनुष्का ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए जिला स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद 22 मार्च 2026 को बिहार दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नवादा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय, प्रखंड एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में गुरुवार को मध्य विद्यालय रामपुर, प्रखंड नरहट में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीसीओ सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निशांत प्रियदर्शी ने छात्रा अनुष्का को सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने अपने संबोधन में महिला उत्थान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें प्रोत्साहन देना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने, नामांकन पर जोर देने तथा कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। साथ ही अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल उपयोग को सीमित रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में पुनौल संकुल के सभी प्रधानाध्यापक, विद्यालय के प्रधानाध्यापक नागमणि प्रसाद, विशिष्ट शिक्षक महबूब आलम, रंजीत कुमार, सत्येंद्र कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में छात्रा की उपलब्धि पर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उर्स मेला से लौट रहा टोटो पलटा, एक महिला का पैर टूटा, अन्य चार घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



अस्पताल में इलाजरत घायल महिला

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव में बीते बुधवार की रात्रि आयोजित जहांगीर बाबा उर्स मेला से वापस रजौली लौटने के क्रम में एक टोटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में टोटो पर सवार पांच महिलाएं घायल हो गई,जबकि एक महिला का पैर टूट गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सारिका ने बताई कि टोटो के पलटने से घायल हुई महिलाओं की पहचान रजौली के माहुरी टोला निवासी तमन्ना परवीन,निकहत परवीन,सादिका परवीन,सबा परवीन एवं नाहिद परवीन के रूप में हुई है। सभी घायल महिलाओं का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई एवं दवाइयां दी गई है। वहीं घायल तमन्ना परवीन के पैर में फ्रैक्चर रहने के कारण उन्हें बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया है। घायल महिलाओं ने बताई कि अमावां बाजार से हाई स्कूल अमावां के आगे तक सड़क का हाल बदहाल है। बीते रात्रि को उर्स मेले से लौटने के क्रम में हाई स्कूल अमावां के समीप गड्ढे में टोटो का चक्का जाने से टोटो अनियंत्रित होकर पलट गई। फिलहाल रेफरल मरीज का इलाज नवादा अस्पताल में चल रहा है।

## रामनवमी में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस किया फ्लैग मार्च, हुड़दंगियों में खौफ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



फ्लैग मार्च करते पुलिस बल

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में रामनवमी त्यौहार को लेकर पुलिस बलों के द्वारा गुरुवार को फ्लैग मार्च किया गया। इस फ्लैग मार्च के बाद हुड़दंगियों में खौफ का माहौल है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के निर्देश पर अपर थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में स्वाट बलों और सशस्त्र बलों के साथ फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस बल ने थाना से निकलकर संगत, बीच बाजार, राधा कृष्ण अल्पाहार मोड़, जगजीवन नगर, कुंडला मोहल्ला, पुरानी बस स्टैंड, बजरंगबली चौक, बाईपास समेत अन्य संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बताते चलें कि आगामी 28 मार्च को रजौली में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस का कहना है कि शोभायात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फ्लैग मार्च से पूर्व भी थाना एवं अनुमंडल स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा शांति समिति की बैठक भी की गई है एवं समाजसेवियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की जा चुकी है।

## जोरावरडीह विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कौआकोल।** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरावरडीह के प्रांगण में गुरुवार को महान मौर्य सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरिसूदन कुमार ने की। समारोह की शुरुआत सम्राट अशोक के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने महान शासक के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। मौके पर मौजूद विद्यालय के वरीय शिक्षक जयप्रकाश मेहता उर्फ जेपी सर ने बच्चों को सम्राट अशोक के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक ने विश्व को शांति और अहिंसा का मार्ग दिखाया। कलिंग युद्ध के बाद उनके हृदय परिवर्तन और लोक कल्याणकारी कार्यों की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। भारत के राष्ट्रीय प्रतीक और अशोक चक्र उन्हीं की महान विरासत का हिस्सा हैं। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अरिसूदन कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। मौके पर शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## चैती नवरात्रि में हरदिया में 100 वर्षों से होते आ रही मां दुर्गा की पूजा,श्रद्धालुओं को पट खुलने के इंतजार



हरदिया में मां दुर्गा मंदिर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सेक्टर-डी में बीते 100 वर्षों से अधिक समय से चैती नवरात्रि में मां दुर्गा की पुर्जा अर्चना बड़े ही धूमधाम से होती आ रही है। हरदिया सेक्टर-ए, बी, सी और डी समेत आसपास के श्रद्धालु माता रानी के पट खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।मंदिर के पुजारी आनंद पाण्डेय ने बताया कि हरदिया सेक्टर-डी में बीते कई वर्षों से चैती नवरात्रि को गांव के लोग बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रि की भांति इसमें पहले दिन कलश स्थापना के साथ विधिवत पूजा शुरू होती है। अष्टमी की रात्रि को माता रानी का पट खुलता है, जिसके बाद माता रानी के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। पुजारी ने कहा कि अगले दिन नवमी और दशमी को पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। सभी पूजा समाप्त होने के बाद ढोल नगाड़ों पर माता की विदाई नम आंखों से श्रद्धालुगण द्वारा की जाती है। इस दौरान हरदिया पंचायत अंतर्गत फुलवरिया डैम में स्थापित मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहते हैं।

## बिहार-झारखंड सीमा पर बिछड़े गजराज का खूनी तांडव, तीन ग्रामीणों को मौत की नींद सुलाया

- सीमावर्ती इलाकों में दहशत का साया
- रजौली से कोडरमा तक मौत का तांडव, वन विभाग की सुस्ती पर भड़के ग्रामीण, मुआवजे के बीच सिसकते परिवार



कोडरमा सदर अस्पताल में घायल युवती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार और झारखंड के सीमावर्ती जंगलों से भटककर रिहायशी इलाकों में दाखिल हुए एक आदमखोर जंगली हाथी ने पिछले 48 घंटों में जो तबाही मचाई है, उसने मानवीय संवेदनाओं और वन्यजीव प्रबंधन की कलई खोलकर रख दी है। रजौली के सुअरलेटी गांव से शुरू हुआ यह खूनी सफर कोडरमा के बोनाकाली तक जा पहुंचा, जिसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और एक मासूम बच्ची जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। तबाही का सबसे हृदयविदारक मंजर तब देखने को मिला जब सुअरलेटी गांव में हाथी ने न केवल सनोज भुइंया नामक युवक को अपनी सूंड से पटककर व बेरहमी से कुचल कर मार डाला, बल्कि एक बेजुबान दुधारू भैंस को भी कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है, जिनका स्पष्ट आरोप है कि वन विभाग की घोर लापरवाही ने इस त्रासदी को जन्म दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि हाथी के मूवमेंट की जानकारी मिलते ही विभाग सक्रिय हो जाता, तो आज इन घरों के चिराग न बुझते।हालांकि, वन विभाग के रजौली रेंजर नारायण लाल सेवक अपनी ओर से यह दलील दे रहे हैं कि विभाग ने ड्रोन कैमरों और आधुनिक साजो-सामान के साथ हाथी की घेराबंदी की पूरी कोशिश की थी और उसे सुरक्षित झारखंड की सीमा में खदेड़ दिया गया था, लेकिन धरातल पर दावों की हकीकत कुछ और ही निकली। झारखंड सीमा में प्रवेश करते ही हाथी और भी अधिक आक्रामक हो गया और कोडरमा के मरियमपुर में उसने सोए हुए परिवार पर हमला बोल दिया, जहां मुनिया बिरहोर की मौके पर ही कुचलने से मौत हो गई और उनकी बेटी आरती बिरहोर गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रशासन ने आनन-फानन में मृतका के परिजनों को 25 हजार रुपये की फौरी राहत राशि तो थमा दी, लेकिन मुआवजे की यह रकम उस डर को कम नहीं कर पा रही है जो अब इन जंगलों के आसपास बसे लोगों के जेहन में घर कर गया है।

हाथी का हिंसक व्यवहार यहीं नहीं थमा और बोनाकाली गांव के एक स्कूल परिसर में शरण लिए हुए देवघर निवासी बालेश्वर सोरेन को भी उसने अपना निशाना बना लिया। गहरी नींद में सो रहे बालेश्वर को संभलने तक का मौका नहीं मिला और हाथी ने उन्हें कुचल दिया, जबकि वहां मौजूद अन्य लोगों ने झाड़ियों और अंधेरे का सहारा लेकर किसी तरह अपनी जान बचाई। वर्तमान में रजौली से लेकर कोडरमा तक के दर्जनों गांवों में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं। हाथी के इस बेकाबू और हिंसक बर्ताव ने वन विभाग के तमाम सुरक्षा दावों को ध्वस्त कर दिया है।

## वैदिक मंत्रोंच्चारण से भगवान भोलेनाथ सहित अन्य देवी देवताओं का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**चकिया।** आस्था व विश्वास का केंद्र कोन्हिया मठ परिसर मे आयोजित 9 दिवसीय महायज्ञ के आठवें दिन गुरुवार को वैदिक मंत्रोंच्चारण से भगवान भोलेनाथ सहित अन्य देवी देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। प्राण प्रतिष्ठा मोतिहारी से आए आचार्य डॉ धर्मेंद्र मिश्रा व सहयोगी के रूप में आचार्य आलोक पांडेय, मिथिलेश पांडेय,रवि रंजन तिवारी,हृदयानंद दुबे आदि ने मंत्र उच्चारण से कराया जबकि यजमान के रूप में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी रघुनाथ प्रसाद सिंह ने पूजा अर्चना की । मुख्य यजमान के रूप मे रघुनाथ प्रसाद सिंह ने बताया कि इस मठ का पौराणिक महत्व है लगभग ढाई सौ वर्ष पूर्व हलवाहा के रूप में कार्यरत बाबा हनुमान दास यहां खेत में हल जोता करते थे कहा जाता है कि उनका अध्यात्म से बडा लगाव था बैल स्वत घूम-घूम कर खेत जोता करते थे जबकि हलवाहा के रूप में हनुमान दास प्रगाढ मुद्रा में खेत के मेढ पर बैठकर भक्तिभाव लीन रहा करते थे तथा लोगों की शिकायत पर खेत मालिक वहां पहुंचकर बोला कि तुम खेत में हल क्यों जोत रहे हो लेकिन उनका ध्यान नहीं टूटा क्रोध में आकर खेत मालिक ने अध्यात्म गुरू हनुमान दास को धक्का दे दिया जैसे ही उनका ध्यान टुटा व मुंह खुला तो भारी मात्रा भारी मात्रा में मुंह से दही बहने लगा इस पर हनुमान दास ने उत्तर दिया कि हम भगवान को दही परोस रहे थे इस पर मलिक ने क्षमा मांगी तब उनका पूजा अर्चना होने लगी उनहोंने जीवित समाधि लेकर मठ के पन्नों में अमर हो गए। उनके समाधि स्थल पर भव्य मंदिर बना हुआ है जहां की अगल-बगल समेत दूरदराज के बडी संख्या मे श्रद्धालु पहुंचकर उनका दर्शन एंव पूजा अर्चना करते हैं। रफ्ता रफ्ता वक्त बढा तथा यह मंदिर बड़ा आकार ले लिया।मठ परिसर मे अलग-अलग देवी देवताओं का के मंदिर का निर्माण किया गया जहां पर श्रद्धालु पहुंच मानसिक व आध्यात्मिक लाभ ले रहे हैं। नवनिर्मित मंदिर में राम दरबार व राधा कृष्ण एंव मां दुर्गा तथा शिव परिवार प्रतिमा स्थापित प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा किया गया है।साथी रात्रि में अयोध्या से आए प्रवचनकर्ता द्वारा प्रवचन किया जाता है जिसे सुनने के लिए अगल बगल गांव कस्बो से बडी संख्या मे भक्तिभाव से ओतप्रोत श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ती है। आयोजन समिति द्वारा महाप्रसाद का भंडारा के साथ साथ यज्ञ प्रागण मे रोशनी व विधि व्यवस्था का मुकम्मल व्यवस्था किया गया ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े। वहीँ यज्ञ परिसर मे लगे मेला मे छोटे बड़े झूला समेत मिठाई की दुकान एंव खिलौने आदि की खुब खरीद बिक्री हो रही है। स्वास्थ्य सेवा को ले मेडिकल कैंप भी लगाया गया है जहाँ पर प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध है।कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के संजय कुमार,सुमन कुमार, विजय कुमार सिंह,राज किशोर प्रसाद कुशवाहा, सरोज कुमार उर्फ़ दिवाकर व अनमोल सिंह,सुबोध कुमार, दिनेश साहनी व अमित कुमार तथा अरविंद ठाकुर जयराम,रामजन्म राम,श्रवण कुमार आदि कुमार की अहम भूमिका थी।



" मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके।"

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

## क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

### इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

"पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है।"

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**



- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0010/2526

## संक्षिप्त समाचार

### बेलवाई में पुराने विवाद से दो पक्षों की जमकर मारपीट, क्रॉस केस में 4 गिरफ्तार

**काराकाट / रोहतास** । थाना क्षेत्र के बेलवाई गांव में गुरुवार को पुराने विवाद के चलते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने क्रॉस केस दर्ज कराए, जिसमें कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि किसी भी प्रकार के विवाद या मारपीट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होगी। पहले पक्ष की ओर से संगीता देवी ने थाने में 142/26 कांड दर्ज कराया, जिसमें कुल 9 लोगों को नामजद किया गया। इनमें सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बौलिया निवासी सोनू कुमार व सुं कुमार (पिता मनोज कुमार) सहित अन्य शामिल हैं। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष ने पुष्टि की कि जांच जारी है। दूसरे पक्ष से कव्वली कुंवर ने क्रॉस केस करते हुए 143/26 कांड दर्ज कराया, जिसमें कुल 6 लोगों पर आरोप लगाए गए। इनमें भैया राम के पुत्र महेंद्र डोम, उनके पुत्र लवकुश डोम और कृष्णा डोम प्रमुख हैं। इन तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों पक्षों से कुल चार गिरफ्तारियां हुई हैं। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि थाना क्षेत्र में शांति-अमन बनाए रखने के लिए ऐसी घटनाओं पर कड़ाई बरती जाएगी।

### मोतिहारी में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल, रामनवमी जुलूस में मुस्लिम समाज ने किया शंकराचार्य का भव्य स्वागत

**मोतिहारी**। रामनवमी के पावन अवसर पर मोतिहारी में आयोजित भव्य शोभायात्रा के दौरान एक बार फिर गंगा-जमुनी तहजीब की अनोखी मिसाल देखने को मिली। जहां एक ओर हिंदू समाज के लोग पूरे उत्साह के साथ जुलूस में शामिल हुए, वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने भी आगे बढ़कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।रामनवमी के अवसर पर निकाली गई इस भव्य शोभायात्रा में शहर के विभिन्न इलाकों से श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान श्रीराम और माता सीता के सजीव स्वरूप, सजे-धजे रथ, गाजे-बाजे और जयकारों के बीच पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।इसी दौरान जब जुलूस शहर के बड़ी मस्जिद इलाके से होकर गुजरा, तब अंजुमन इस्लामिया के सदर डॉ. तबरेज अजीज और उनके सदस्यों ने एक मिसाल पेश करते हुए जुलूस का स्वागत किया।खास बात यह रही कि इस दौरान शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज का अंजुमन इस्लामिया की ओर से गमछा ओढ़ाकर भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर डॉ. तबरेज अजीज ने कहा कि मोतिहारी की पहचान हमेशा से भाईचारे और आपसी सद्भाव की रही है। उन्होंने कहा, आज रामनवमी के इस पावन अवसर पर हम सभी अंजुमन इस्लामिया के सदस्य यहां मौजूद हैं और शंकराचार्य जी का स्वागत कर रहे हैं। यह हमारी साझा संस्कृति और एकता का प्रतीक है। हम सभी लोग इस जुलूस में भाग लेकर समाज को एक सकारात्मक संदेश देना चाहते हैं।इस दौरान डॉ. परवेज, के साथ कई मुस्लिम समाज के कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शंकराचार्य का स्वागत किया और एक-दूसरे को बधाई दी। जुलूस के दौरान हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग एक साथ नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा। लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी के लिए एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन भी मुस्तैद रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।मोतिहारी में रामनवमी के अवसर पर देखने को मिली यह तस्वीर न केवल शहर बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है, जहां विभिन्न धर्मों के लोग मिल-जुलकर एक-दूसरे के पर्व का सम्मान करते हुए भारत की गंगा-जमुनी तहजीब को जीवंत बनाए रखे हुए हैं।



### घोड़ासहन में चक्रवर्ती सम्राट अशोक की 2330वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**घोड़ासहन**। कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में घोड़ासहन के कुशवाहा नगर स्थित एसडीएम पब्लिक स्कूल परिसर में सम्राट अशोक की 2330वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय समाज के लोगों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रत्याशी जयमंगल कुशवाहा ने की, जबकि मंच संचालन पत्रकार एवं लेखक ललन कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सम्राट अशोक के जीवन, उनके शासनकाल और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व विधायक प्रत्याशी मधुसूदन कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट अशोक केवल एक महान शासक ही नहीं, बल्कि शांति, करुणा और मानवता के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में उनके आदर्शों को अपनाना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। वहीं, सरपंच संघ के जिला सचिव सह प्रखंड अध्यक्ष ई. दिनेश कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में सत्य, अहिंसा और मानव कल्याण का संदेश पूरे विश्व में फैलाया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। समारोह में उपस्थित लोगों ने सम्राट अशोक के आदर्शों पर चलने और समाज में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें डॉ. भुनेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया ध्रुवनारायण कुशवाहा, पूर्व मुखिया अमरेंद्र कुशवाहा, संसद प्रतिनिधि दिपलाल कुशवाहा, डॉ. आनंद राज, रामदेव कुशवाहा, युवा नेता पवन कुशवाहा और रोशन कुशवाहा सहित अन्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### एमजीसीयू में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समारोह संपन्न

**मोतिहारी**। महात्मा बुद्ध परिसर, बनकट स्थित वृहस्पति सभागार में महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह गांधीवादी चिंतक ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश सोदानी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रारम्भ में विश्वविद्यालय के छात्र मनोज द्वारा 'रघुपति राघव राजा राम' भजन से की गई। "वर्तमान समय में गांधीवादी चिंतन की प्रासंगिकता और साहित्य" विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी के संयोजक मानविकी एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजेंद्र बडगूजर थे। कार्यक्रम का आयोजन मानविकी एवं भाषा संकाय तथा ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार प्रो. संजय पासवान तथा गांधी संग्रहालय स्मारक समिति, मोतिहारी के सचिव विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे। स्वागत वक्तव्य में प्रो. बडगूजर ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश सोडाणी ने अपने विचारों में इतिहास, वर्तमान और नैतिक मूल्यों को जोड़ते हुए एक प्रभावशाली संदेश दिया। उन्होंने महाभारत युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा, "अहिंसा का पुजारी भी अंततः हिंसा का शिकार हुआ," जो आज के समय की विडंबना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सत्य और स्वच्छता के साथ जीवन जीना चाहिए, क्योंकि यही गांधीवादी विचारधारा की मूल आत्मा है।कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं विद्वानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थिति से अत्यंत हर्ष हो रहा है। उन्होंने बताया कि ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन एमजीसीयू परिसर में विशेष प्रयासों के बाद संभव हो पाया। उन्होंने सभी पुरस्कृत लेखकों को शुभकामनाएं दीं तथा उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय गांधीजी के विचारों को संरक्षित और प्रसारित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। साथ ही, ब्रजकिशोर सिंह पुरस्कार समिति के सभी सदस्यों के प्रति भी उन्होंने कृतज्ञता प्रकट की, जिनके अथक प्रयासों से आयोजन को सफल बनाया जा सका।

# नारियल में पानी कम होने पर बवाल, हिंसक झड़प में 10 घायल

## पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**, करगहर थाना क्षेत्र में नारियल में पानी कम होने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल 10 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए करगहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के 6 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें करीब 30 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच-पड़ताल कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार, बबनी निवासी शिवजी सिंह की दुकान पर उसी गांव के मनीष कुमार सिंह पानी वाला नारियल खरीदने पहुंचे थे। लेकिन नारियल में पानी कम होने की शिकायत को लेकर वह दोबारा दुकान पर पहुंचे और पैसे वापस मांगने लगे। इसी बात को लेकर दुकानदार और ग्राहक के बीच तू-तू, मैं-मैं शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में हिंसक रूप ले बैठी।

देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। इस मारपीट की घटना में संजय सिंह, मुकेश कुमार सिंह, शिवाजी सिंह, राजेश कुमार सिंह तथा दूसरे पक्ष के प्रिंस कुमार, सुदर्शन सिंह, आशा देवी, निर्मल कुमार सिंह, बजरंगी सिंह सहित अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से राजेश मारतो, पिता कामेश्वर सिंह, विक्की कुमार, विवेक कुमार (दोनों पिता शिवजी सिंह), तथा दूसरे पक्ष से प्रिंस कुमार, निर्मल कुमार, बजरंगी कुमार (तीनों पिता सुदर्शन सिंह) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस पूरे मामले की जानकारी सासाराम एसपी ओ-2 कुमार वैभव ने गुरुवार को करीब दो बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है तथा अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में नवरात्र अनुष्ठान के समापन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। आज दिनांक 26 मार्च 2026 दिन गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में नवरात्र अनुष्ठान के समापन के शुभ अवसर पर राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से गायत्री मंदिर के प्रांगण संझौली में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ट्रस्टी राकेश शर्मा ने की। हवन यज्ञ एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम भी वैदिक रीति से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम की जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए राम नाम की महिमा भी बताई। नवरात्र में सारा हिंदुस्तान राम नाम के रंग में रंगा हुआ है यदि हम सब में भी रामावत उत्पन्न होगा तो निश्चित रूप से रामराज आएगा। वर्तमान समय में भारतीय शासन पद्धति का गोल्डन प्रेड चल रहा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने जो युग निर्माण योजना चलाई वह सफलीभूत होता नजर आ रहा। सारा विश्व भारत के प्रति आशा भरी नजरों से देख रहा है। सभी श्रद्धालुओं ने जयकारे बोले रामकाज किन्हें बिना मोहि कहां विश्राम। बदलेंगे जग बदलेगा हम सुधरेंगे जब सुधरेगा। इस कार्यक्रम की शुभ अवसर पर वरिष्ठ परिजन कामेश्वर सिंह, राजेंद्र प्रसाद ,रागिनी देवी, सृष्टि कुमारी, अमृता कुमारी, डॉ राजेंद्र प्रसाद ,श्री भगवान सिंह ,कौशल्या देवी सहित बड़ी संख्या में माता बहिनी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन आरती प्रार्थना के साथ सम्पन्न हुआ।

### रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क, बिक्रमगंज अनुमंडल में फ्लैग मार्च कर दिया शांति का संदेश



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है । इसी कड़ी में बिक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार एवं डीएसपी सिंधु शेखर सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को अनुमंडल क्षेत्र के सकला एवं काराकाट में फ्लैग मार्च किया गया । इस दौरान नासरीगंज पुलिस इंस्पेक्टर कुणाल कृष्णा,काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे । फ्लैग मार्च के जरिए आमजनों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई ।एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि रामनवमी आस्था और श्रद्धा का पर्व है । इसे सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं । प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी । वहीं डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को भी चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी । आमजन प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें । प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्व के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ।

# स्कॉर्पियो से 29 किलो गांजा बरामद, तीन तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार

## करगहर-फुली पथ पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, NDPS एक्ट में मामला दर्ज






सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। करगहर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 29 किलोग्राम गांजा के साथ एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देखते ही वाहन में सवार तीन तस्कर अंधेरे और खेतों का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में NDPS एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 24 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि करगहर-फुली पथ पर निमडीहरा नदी पुल से करीब 100 मीटर आगे पीपल के पेड़ के पास सड़क किनारे एक उजले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी है, जिसमें कुछ लोग गांजा की खेप लेकर बेचने की फिराक में मौजूद हैं।

सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-02, सासाराम कुमार वैभव के नेतृत्व में तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी करगहर अजीत कुमार की उपस्थिति में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची।

जैसे ही पुलिस टीम निमडीहरा नदी पुल से आगे पीपल के पेड़ के पास पहुंची, वहां खड़ी उजले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी को देखकर उसमें सवार तीन लोग गाड़ी से उतरकर सड़क किनारे गेहूं के खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस बल ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन रात्रि होने और फसल वाले खेतों का फायदा उठाकर वे भागने में सफल रहे। इसके बाद पुलिस ने मौके पर खड़ी स्कॉर्पियो वाहन संख्या JH10P9061 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन की पिछली सीट पर रखी बोरी से प्लास्टिक के 27 पैकेट बरामद किए गए। प्रत्येक पैकेट पर टेप लगा हुआ था और उससे गांजा जैसी गंध आ रही थी। बाद में अधिकारियों की मौजूदगी में डिजिटल तराजू से तौलने पर कुल 29 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने जब्त वाहन की पहचान चेसिस नंबर MA1TB2HAN82B65150 तथा इंजन नंबर HA84B10955 के आधार पर की है। मामले में करगहर थाना कांड संख्या-132/2026 दिनांक 25.03.2026 के तहत धारा 20(b)(ii)c/22(c)/25/29 NDPS Act के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

इस संबंध में करगहर थाना में पदस्थापित सह-थानाध्यक्ष सह पुअनि कमल नयन पांडेय के आवेदन पर स्कॉर्पियो वाहन के स्वामी, चालक तथा वाहन से भागे तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

# कैरियर गाइडेंस और काउंसलिंग सह मेघा सम्मान समारोह आयोजित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोटवा**। प्रखंड अंतर्गत करारिया पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय करारिया जागीर में कैरियर गाइडेंस और काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका विधिवत उद्घाटन कोटवा थानाध्यक्ष करण सिंह , एएसआई अमन कुमार,स्कूल एचएम रीता कुमारी आदि द्वारा किया गया।आयोजन में छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का माहौल बेहद प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोटवा थानाध्यक्ष करण सिंह एएसआई अमन कुमार राकेश कुमार उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों और अन्य उभरते क्षेत्रो के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सफलता पाने के लिए सही दिशा, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास सबसे जरूरी है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य तय करने,मोबाइल एवं कंप्यूटर और समय का सदुपयोग करने की सलाह दी।विद्यालय के एचएम रीता कुमारी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर किया गया।एचएम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

**मेधा सम्मान समारोह का हुआ आयोजनः** स्कूल प्रबंधन द्वारा मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय करारिया जागीर के जिन छात्रों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन किए हैं उनको कोटवा थानाध्यक्ष और एएसआई एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा शॉल ओढ़कर,मिठाई खिलाकर एवं कॉपी,पेन आदि से सम्मानित किया गया। बता दे कि इस विद्यालय के छात्रा शिखा कुमारी पिता उमेश यादव इंटरमीडिएट आर्ट्स में जिला सेकेंड टॉपर की है वही मुस्कान कुमारी स्कूल सेकेंड टॉपर,अंकित कुमार साइंस स्कूल टॉपर और बबलू कुमार स्कूल थर्ड टॉपर बने है।मौके पर स्कूल प्रधानाध्यापक रीता कुमारी,शिक्षक अंबेश कुमार ,प्रदीप पंडित,रामप्रवेश कुमार,राम निवास सिंह,अंजली कुमारी, साहिना खातून,अबरार अहमद,भारत भूषण बिहारी,रंजना यादव,रामबाबू राय,मोहम्मद एराज सहित कई ग्रामीण क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

### अब हर गरीब घर होगा रोशनः कुटीर ज्योति सोलर योजना का मौका 31 मार्च तक : विद्युत अधीक्षण अभियंता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। गरीब एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को बिजली बिल से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ताओं के लिए निःशुल्क रूफटॉप सोलर पैनल स्थापना योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 28 फरवरी को बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दी गई है। विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोहतास जिले में लगभग 97773 कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ता हैं, जिन्हें इस योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को दिन के समय पंखा, बल्ब आदि चलाने हेतु सौर ऊर्जा उपलब्ध होगी, जिससे उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा ग्रिड बिजली पर निर्भरता घटेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक उपभोक्ता 31 मार्च तक आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। स्मार्टफोन धारक उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से 'सुविधा ऐप' डाउनलोड कर "रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति (कुटीर ज्योति)" विकल्प के माध्यम से अपना उपभोक्ता संख्या दर्ज कर ओटीपी सत्यापन के बाद आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र एवं बीपीएल कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होगा तथा छत से संबंधित जानकारी देनी होगी। जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है, वे संबंधित विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। विद्युत विभाग द्वारा सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र आवेदन करें ताकि प्रथम चरण में ही उनके आवास पर सोलर पैनल की स्थापना सुनिश्चित की जा सके तथा वे स्वच्छ एवं सस्ती सौर ऊर्जा का लाभ प्राप्त कर सकें।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने को लेकर प्रशासन मुस्तैद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम(रोहतास )**। जिले के 275 स्थानों पर 334 दंडाधिकारी एवं 314 पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ काफी संख्या में पुलिस के जवानों की हुई प्रतिनियुक्ति। सभी प्रखंडों के बीडीओ,सीओ एवं थानाध्यक्ष लगातार सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था पर रखेंगे कड़ी नजर। जिला साइबर सेल एवं सोशल मीडिया टीम 24 घंटे सक्रिय रहकर सोशल मीडिया पर रखेगी कड़ी नजर। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध त्वरित करवाई का दिया निर्देश। जिले में शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने को लेकर सासाराम अनुमंडल क्षेत्र में 170 जगहों पर 191 दंडाधिकारी एवं 179 पुलिस पदाधिकारी,डेहरी अनुमंडल में 55 जगहों पर 63 दंडाधिकारी एवं 62 पुलिस पदाधिकारी तथा बिक्रमगंज अनुमंडल में 50 जगहों पर 58 दंडाधिकारी तथा 51 पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। तीनों अनुमंडल में 14 वरीय पदाधिकारी एवं 14 पुलिस पदाधिकारी को दो शिफ्टों में गश्ती दल में रखा गया है। साथ ही थाना स्तर से बाइक गश्ती की जायेगी।

इसके साथ ही चेनारी,नोखा ,नासरीगंज और रोहतास में 4 अतिरिक्त दंडाधिकारी एवं 4 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है,जबकि तीनों अनुमंडल में विशेष निगरानी के लिए 4 वरीय दंडाधिकारी एवं 4 पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्त की गयी है। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति-स्थल पर पहुँच कर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी ने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। साथ ही अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। सादे लिबास में पुलिसकर्मी शरारती तत्वों पर नजर रखेंगे। सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह से चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों को जवाबदेही दी गयी है,जो सीधे पल-पल की गतिविधियों से जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत करायेंगे। सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि आपस में समन्वय बनाकर लगातार सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर स्थिति पर कड़ी नजर रखेंगे।

जिले की पल पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 26 मार्च के पूर्वाह्न से रामनवमी जुलूस समाप्ति तक लगातार कार्य करेगा। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06184226072 / 06184226096 है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त और वरीय पुलिस पदाधिकारी के प्रभार में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस केंद्र डेहरी को रखा गया है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष में क्विक रिस्पांस टीम, वज्रवाहन,अग्निशमन,एम्बुलेंस आदि की तैनाती की गयी है। अग्निशाम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अग्निशाम दस्ता को हर समय तैयार रखेंगे,ताकि आपात स्थिति में ससमय नियंत्रण किया जा सके।

जुलूस के दौरान कभी-कभी लोगों के द्वारा निर्धारित मार्ग का भी उल्लंघन किया जाता है। इसपर नजर रखते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि बैठक में मार्गो को इस प्रकार तय किया जाय कि किसी भी पक्ष को कोई शिकायत नहीं हो। एक बार मार्ग निर्धारित कर लेने के बाद इसे कड़ाई से अनुपालन कराना आवश्यक है। साथ ही पुरानी अनुज्ञप्तियों की अनुज्ञप्ति हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी स्वीकृति दें, यदि नयी अनुज्ञप्ति का प्रस्ताव आये तो उसे पुलिस अधीक्षक के यहाँ अपने मंतव्य सहित भेजें। सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने थानांतर्गत सभी चौकीदार एवं दफादार को सख्त निर्देश देंगे कि वे उक्त अवसर पर अपने क्षेत्र अंतर्गत उपस्थित रहकर आसूचना संकलन करेंगे तथा कहीं किसी प्रकार का तनाव होने पर इसकी सूचना थाना को तत्काल देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बदमाशों ने छात्रा से मोबाइल छीना

**भागलपुर।** भागलपुर में एग्जाम देने जा रही बीए पार्ट वन की छात्रा से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया। छीना-झपटी के दौरान बैलेंस बिगड़ने से छात्रा ऑटो से नीचे गिर गई। इस बीच ऑटो ड्राइवर भी मौके से भाग निकला। करीब आधे घंटे तक बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ी रही। राहगीर आते-जाते रहे, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। बाद में स्थानीय दुकानदारों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। हाथ में चोट लगी है। जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। फिलहाल लड़की खतरे से बाहर है। पीड़िता सुमन कुमारी जगदीशपुर इलाके की रहने वाली है। टीएनबी लॉ कॉलेज में पढ़ती है।

**पति से फोन पर बात कर रही थी:** सुमन ने बताया कि आज(गुरुवार 26 मार्च 2026) अंग्रेजी का पेपर देने के लिए जा रही थी। रास्ते में पति का फोन आया, उनसे बात करने लगी। इस बीच बाइक सवार 2 बदमाश मोबाइल छीनकर भाग निकले। पुलिस से अनुरोध है कि मेरा मोबाइल जल्द बरामद कर वापस किया जाए।

**शिकायत के आधार पर करेंगे कार्रवाई:** इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमन राय ने बताया कि पीड़िता से दो बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एनएच-80 पर अनियंत्रित टोटो पलटी

**भागलपुर।** भागलपुर में तेज रफ्तार टोटो ईंट से टकराकर पलट गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ड्राइविंग सीख रहा था। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना NH-80 पर सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मसदी के पास की है। घायल की पहचान परबत्ता इलाके के सुमित कुमार यादव के तौर पर हुई है। सुमित गांव से ससुराल भूदान गांव आया था। अपने साले के टोटो को चलाने का प्रैक्टिस कर रहा था। इस दौरान टोटो ईंट पर चढ़ गया। गाड़ी पलटने से युवक घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। टोटो के नीचे दबे युवक को बाहर निकालकर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर धीरज ने बताया कि युवक को हल्की चोटें आई हैं। फिलहाल खतरे से बाहर है। प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

**लोगों से सावधानी बरतने की अपील:** स्थानीय निवासी पवन ने बताया कि एनएच-80 पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है। ऐसे में बिना अनुभव के वाहन चलाना जोखिम भरा साबित हो सकता है। सड़क पर निर्माण सामग्री या ईंट-पत्थर के पड़े रहने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ऐसे पर सड़क पर सामान नहीं छोड़ना चाहिए। प्रशासन को भी ध्यान देना चाहिए।

### रामनवमी पर निकलेगी 20 शोभायात्रा

**अररिया।** अररिया में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी को लेकर भक्ति और उत्साह का माहौल है। गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना, ध्वजा लगाने और सजावट का कार्य जारी है। घरों में भी श्रद्धालु रामायण पाठ और भजन गाकर भगवान राम का स्वागत कर रहे हैं। शहर के मारवाड़ी पट्टी स्थित सार्वजनिक संकट मोचन हनुमान मंदिर में रामनवमी की भव्य तैयारियां की गई हैं। यहां से गुरुवार को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में झांकियां, भक्ति गीत और 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की उम्मीद है।

**मंदिरों को फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और भगवा ध्वजों से सजाया:** इसी तरह पावर हाउस स्थित बजरंगबली मंदिर, चंद्र चौक स्थित बजरंगबली मंदिर और ओम नगर के बजरंगबली मंदिर सहित जिले के अन्य मंदिरों में भी शोभायात्रा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिरों को फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और भगवा ध्वजों से सजाया गया है। शहर के सार्वजनिक ठाकुरवाड़ी मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य में 24 घंटे का निरंतर रामायण पाठ आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालु बारी-बारी से राम कथा का पाठ कर रहे हैं, जिससे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। कई घरों में गुरुवार को ही ध्वजा लगाई गई और छोटे-छोटे राम दरबार सजाए गए, जिसमें महिलाएं और बच्चे उत्साह से भाग ले रहे हैं।

**शोभायात्रा मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहेगा:** जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठकें की हैं। शोभायात्रा मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। स्थानीय संगठनों ने सभी से अपील की है कि उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए और भाईचारे का संदेश फैलाया जाए। रामनवमी को सनातन संस्कृति की एकता और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। अररिया के लोग श्री राम के आदर्शों-मर्यादा, कर्तव्य और सत्य-को अपनाने का संकल्प ले रहे हैं। इस पावन अवसर पर जिले भर के मंदिरों में विशेष पूजा, भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।रामनवमी पर अररिया शहर भगवा रंग में रंगा नजर आ रहा है। भक्तों का मानना है कि श्री राम की कृपा से सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आएगी।

### सरकारी तालाब और हाट अब नगर निकायों के अधीन

**भागलपुर|** जिले के नगर निकाय क्षेत्रों में स्थित विभिन्न सरकारी विभागों के तालाब, पोखर और सार्वजनिक हाट-बाजार अब संबंधित नगर निकायों को हस्तांतरित किए जाएंगे। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 100 के तहत इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया है। अधिनियम के अनुसार, नगर निकाय का गठन होते ही उसके क्षेत्र में आने वाले सभी जल निकाय और सार्वजनिक बाजार स्वतः ही उस निकाय का हिस्सा बन जाते हैं। कहलगांव और अकबरनगर के कार्यपालक पदाधिकारियों के आग्रह पर डीएम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। खास बात यह है कि जिन संपत्तियों की टेंडर प्रक्रिया पहले हो चुकी है, उन्हें भी नए टेंडर के साथ निकायों को सौंपा जाएगा।

### पूर्व सीओ के अनुशासनिक कार्रवाई की फाइल बंद

**भागलपुर|** बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नाथनगर के तत्कालीन अंचलाधिकारी मुकेश दत्त शर्मा के विरुद्ध चल रही शिकायत की फाइल बंद कर दी है। यह मामला वर्ष 1990-91 में एक व्यक्ति के नाम सरकारी जमीन की अवैध बंदोबस्ती से जुड़ा था। राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश पर हुई जांच में दो पूर्व अधिकारियों, मोहन कुमार ठाकुर और मुकेश दत्त शर्मा के नाम सामने आए थे। समीक्षा में पाया गया कि मुकेश दत्त शर्मा 29 फरवरी 2020 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। नियमानुसार, उनके विरुद्ध 1990-91 की अवधि के आरोप अब बिहार पेंशन नियमावली के तहत कालबाधित हो चुके हैं। वहीं, मोहन कुमार ठाकुर का नाम वर्ष 1985 से 2023 तक की किसी भी सिविल लिस्ट में नहीं मिला। इस तकनीकी आधार पर सरकार ने कार्रवाई को असंभव बताते हुए मामले को बंद करने का आदेश जारी किया है।

### मायागंज अस्पताल में अत्याधुनिक होगी जांच

**भागलपुर|** मायागंज अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में अब अत्याधुनिक मशीन के जरिए ब्लड शुगर के औसत स्तर और थैलेसीमिया की जांच विधिवत शुरू कर दी गई है। इस सुविधा के बहाल होने से अब मरीजों को महंगे निजी जांच केंद्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, नई मशीन पिछले 2 से 3 महीनों के औसत शुगर लेवल का सटीक आकलन करती है, जो डायबिटीज के सही प्रबंधन के लिए अनिवार्य है।उन्नत तकनीक आधारित यह मशीन हीमोग्लोबिन के विभिन्न प्रकारों का प्रतिशत मापकर थैलेसीमिया जैसी बिमारी की जांच होगी।

### आरजी चैरिटेबल ट्रस्ट ने महाभोज किया, साड़ियां बांटीं

**भागलपुर|** आर.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट (नई दिल्ली) की तेतरी शाखा ने सेवा और पूजन कार्य किया। राजेश गोयल की माता स्व. कृष्णा गोयल के श्राद्धकर्म पर उनकी पुण्य स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संयोजक डॉ. विभु कुमार राय ने बताया कि बूढ़ानाथ मंदिर में दरिद्रनारायण भोज हुआ। महिलाओं के बीच साड़ियों का वितरण किया गया। भीखनपुर स्थित नेत्रहीन विद्यालय और नाथनगर के रामानंदी अनाथालय के बच्चों को भी भोजन कराया गया। नर सेवा के तहत तेतरी में भी असहाय महिलाओं के बीच साड़ी बांटी गई ।

# रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा पर जिले में प्रशासन अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका।** बांका जिले में रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इस संबंध में बांका समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में एक हाइब्रिड मोड ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला मुख्यालय के सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भौतिक रूप से उपस्थित रहे। वहीं, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष और ओपी अध्यक्ष वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

**शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना उद्देश्य:** बैठक के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। रामनवमी के अवसर पर सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने तथा विधि-व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी, बांका पूरे अनुमंडल क्षेत्र के लिए और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बांका, बेलहर एवं बौंसी अपने-अपने क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः जिम्मेदार होंगे।

**क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतें:** जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और प्रतिनियुक्त बल अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतें। रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर अनुमंडल कार्यालय, बांका में 26 मार्च से 29 मार्च 2026 तक एक जिला नियंत्रण कक्ष भी कार्यरत रहेगा। इसका दूरभाष संख्या 06424-222225/26 निर्धारित किया गया है, जिस पर आमजन किसी भी आपात स्थिति में संपर्क कर सकते हैं।

**निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया:** बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी जुलूसों के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और संबंधित पुलिस निरीक्षक विधिवत लाइसेंस निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। जुलूसों का संचालन निर्धारित शर्तों और दिशा-निर्देशों के अनुसार ही होगा।

## सड़क हादसे में घायल कारपेंटर की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्टेट हाईवे-55 पर 24 मार्च की देर शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान लाखो पंचायत के अयोध्याबाड़ी वार्ड नंबर-2 के रहने वाले जितेंद्र राय (42) के रूप में हुई है। पेशे से पेंटर और कारपेंटर (बढ़ई) का काम करता था।

**तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा:** चचेरे भाई सुनील कुमार ने बताया कि काम करने के लिए मंझौल गया था। काम खत्म होने के बाद साइकिल से घर लौट रहा था। खम्हार गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जितेंद्र सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से मुफस्सिल थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से परिजन प्राइवेट अस्पताल लेकर चले गए। इलाज के दौरान गुरुवार(26 मार्च 2026) को दम तोड़ दिया।

## मायागंज में नवजात की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में एक नवजात की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। डॉक्टर और स्टाफ पर लाहपरवाही का आरोप लगाया है। तारापुर निवासी विनीत कुमार ने बताया कि मुंगेर सदर अस्पताल में तीन दिन पहले बच्चे का जन्म हुआ था। हिचकी की शिकायत पर गुरुवार सुबह 6 बजे के करीब मायागंज लेकर पहुंचा था। डॉक्टरों ने मुझे आईसीयू में भेज दिया। कहा कि देखकर आयो बेड खाली है या नहीं। इस पर मैंने कहा कि मुझे रास्ता मासूम नहीं है। तब डॉक्टरों ने रास्ता बताया। बच्चे को उनके पास ही छोड़कर आईसीयू में बेड देखने चला गया। 5 मिनट बाद ही लौट आया, जब तक उसकी जान चली गई।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग:** विनित कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत करने पर अस्पताल कर्मियों ने उनके साथ बदसलूकी की है। धक्का भी दिया है। डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही से ही जान गई है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**अस्पताल अधीक्षक से संपर्क नहीं हुआ:** परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में अस्पताल अधीक्षक से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल परिजनों की ओर से अभी थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य मायागंज पहुंचे।

## युवक की हत्या कर खेत में फेंकी लाश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




♦ छाती-सिर में दागी 3 बुलेट, होली से पहले जेल से बाहर आया था, 4 साल पहले भाई को मारी थी गोली

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बेखौफ बदमाशों ने बुधवार रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सीने और सिर में तीन बुलेट मारी। वारदात के बाद शव को घर से 1 किलोमीटर दूर खेत में फेंक दिया। घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के रचियाही बलहपुर टोला की है। मृतक की पहचान मिंटू कुमार (27) के तौर पर हुई है। मिंटू कुमार भी अपराधी तत्व का था। असामाजिक गतिविधियों में शामिल रहता था। पिछले साल गोलीबारी मामले में जेल गया था। होली से 2 दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। 4 साल पहले भाई की भी गोली मारकर हत्या हुई थी।

**मारकर भाई को खेत में फेंक दिया:** मृतक के भाई पिंटू कुमार ने बताया कि बुधवार देर शाम करीब 8 बजे गांव में ही हमलोग सब्जी खरीदने गए थे, भाई भी साथ में था। सब्जी खरीद कर हम कहे कि घर चलो तो मेरे साथ नहीं आया। कहा कि हम दूसरी जगह जाएंगे, इसके बाद में तीन-चार लड़का के साथ गया। वह लोग किसी लड़ाई झगड़ा की बात कर रहा था, हमने रोका भी था की लड़ाई-झगड़ा नहीं करना है। फिर रात में 11 सूचना मिली कि मेरे भाई की हत्या हो गई है। जहां हत्या की बात हुई थी, वहां पहुंचे तो कुछ नहीं था। लाश को खेत में फेंक दिया गया था।

**केस मैनेज करने का प्रेशर दिया जा रहा था:** पिंटू कुमार ने आगे कहा कि खोजबीन करने के दौरान मकई के खेत में लाश मिली। छाती में दो गोली मारने के साथ-साथ सिर में भी गोली मार कर हत्या की गई है। उसके साथ में गए लड़के ने ही गोली लगने की सूचना दी थी। जिस जगह के बारे में बताया गया था, वहां पहुंचा तो कोई नहीं था। घर से करीब 1 किलोमीटर दूर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। 4 साल पहले मेरे बड़े भाई सिंटू कुमार की हत्या कर दी गई थी। केस मैनेज करने के लिए दबाव बना रहा था। मिस्टर नाम का लड़का बुलाकर ले गया, शराब पिलाया और केस मैनेज करने के लिए दबाव बना रहा था। हम उस मामले में गवाह थे और केस मैनेज करने के लिए तैयार नहीं हुए, जिसके कारण हत्या किया गया है।

**छानबीन में जुटी पुलिस:** वारदात की सूचना मिलते ही सिंघौल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# स्टेट हाईवे एलाइनमेंट में बदलाव को मंजूरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ धौरैया विधायक ने मंत्री से मिलकर सड़कों को दिलाई स्वीकृति, जगदीशपुर-सन्हौला चौड़ीकरण

**बांका।** बांका के धौरैया विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनीष कुमार ने पथ निर्माण विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र की जर्जर सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण से संबंधित कई प्रस्तावों को विभागीय स्वीकृति दिलाई। विधायक ने मंत्री को एक आवेदन सौंपकर क्षेत्र की सड़कों की खराब स्थिति से अवगत कराया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि इन सड़कों की मरम्मत और चौड़ीकरण से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी।

**बिहार और झारखंड को जोड़ने वाली सड़क:** मनीष कुमार ने भागलपुर-हंसडीहा पथ एनएच 133 ई से जुड़ी जगदीशपुर मोड़ से सन्हौला मोड़ तक की एमडीआर सड़क के महत्व पर जोर दिया। यह सड़क बिहार और झारखंड को जोड़ने वाली एक प्रमुख कड़ी है। वर्तमान में यह सिंगल लेन और जर्जर अवस्था में है, जिससे अक्सर यातायात जाम और दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मंत्री ने इस सड़क को फोर लेन में चौड़ा करने और रेलवे ओवरब्रिज के साथ इसके निर्माण के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) और अनुमान तैयार करने की स्वीकृति दी। विधायक ने पुनसिया-धौरैया पथ की खराब स्थिति का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित स्टेट हाईवे (इंगलिश मोड़ – धौरैया) के निर्माण में अभी समय लग सकता है, इसलिए यह वर्तमान सड़क ही लोगों के आवागमन का मुख्य साधन है। मंत्री ने इस सड़क के ओवरलैप हिस्से को छोड़कर शेष भाग के शीघ्र पुनर्निर्माण के लिए विभागीय सचिव को आवश्यक निर्देश दिए।

**300 मीटर उत्तर दिशा में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव:** इसके अतिरिक्त, विधायक ने प्रस्तावित स्टेट हाईवे के एलाइनमेंट में संशोधन की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि वर्तमान एलाइनमेंट गांव की आबादी के काफी करीब है, जिससे भविष्य में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। मंत्री ने सड़क को लगभग 300 मीटर उत्तर दिशा में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर विचार करने और आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। विधायक की इस पहल से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। उनका मानना है कि इन सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण से आवागमन सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और धौरैया क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो पटना ने भ्रष्टाचार-रिश्वतखोरी के खिलाफ चलाया अभियान

**अररिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पटना की एक विशेष टीम ने अररिया में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ एक व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य आम जनता को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने और शिकायत दर्ज करने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत, सीबीआई टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में पोस्टर और बैनर चिपकाए हैं। इन पर केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों जैसे रेलवे, पोस्ट ऑफिस, जीएसटी, आयकर विभाग, तथा सार्वजनिक उपक्रमों जैसे बैंकों और जीवन बीमा कंपनियों के कर्मचारियों या अधिकारियों द्वारा मांगी जाने वाली रिश्वत की शिकायत सीधे सीबीआई को करने की अपील की गई है। बैनरों और पोस्टरों पर सीबीआई के व्हाट्सएप नंबर, कार्यालय संपर्क सूत्र और ईमेल आईडी सार्वजनिक रूप से छापे गए हैं। यह सुविधा इसलिए दी गई है ताकि कोई भी प्रभावित व्यक्ति बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज करा सके। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और हर शिकायत पर गंभीरता से जांच की जाएगी। सीबीआई पटना से आई टीम के दो सदस्यों ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि यह अभियान भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सरकारी और अर्द्धसरकारी कार्यालयों में आम नागरिकों को रिश्वत देने के लिए मजबूर किया जाता है, जो कानून का उल्लंघन है और विकास में बाधक है।


**पूर्वोत्तर रेलवे** — ई-नीलामी सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

आक्शन कैटलाग नम्बर: BSB04PARKING26

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (दो पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| देवरिया स्टेशन स्थित (दो पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 10:40 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया)स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 10:50 बजे तक |
| गौरीबाजार स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया)स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया)स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:10 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:20 बजे तक |
| दुल्लहपुर स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:40 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:50 बजे तक |

आक्शन कैटलाग नम्बर: BSB02PAYnUSE26

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| थावे स्टेशन पर पे एंड यूज टॉयलेट का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |

नोट: ♦ ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। ♦ ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिये इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाइन रू. 10,000/- (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। ♦ ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल *(www.ireps.gov.in)* के *E-Auction leasing Section* मे उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-293 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 09-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 25.03.2026,** सीई/कॉन/आरएसपी-III/केकेके, गति शक्ति यूनिट, मालदा मंडल, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पीओ: झलझलिया, जिला: मालदा, पिन: 732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: 9-जीएसयू-एमएलडीटी 25-26, कार्य का नाम:** "मालदा मंडल की गति शक्ति यूनिट के अधीन विभिन्न निर्माण साइटों/खंडों में परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति" के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 17,69,78,010.40, **निविदा की अंतिम तिथि:** दिनांक 16.04.2026 वेबसाइट और सूचना पट: **www.ireps.gov.in**

MLD-385/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा नोटिस सं.-75 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

1. निविदा सं.-38-डीडीयू-मं॰ इंजी॰-मुख्यालय-25-26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन – सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 और 8 एवं डीडीयू स्टेशन पर स्टेशन नाली पर पथ का निर्माण और डीडीयू में एसबीआई के पीछे पार्किंग क्षेत्र (मुख्य स्टेशन भवन के पूर्व की ओर) में सुधार, कार्य का अनुमानित लागतः ₹5,05,03,325.54, धरोहर राशि : ₹10,10,100/-

2. निविदा सं.-39-डीडीयू-मं॰ इंजी॰-मुख्यालय-25-26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में मानस नगर कॉलोनी में ट्रिपल स्टोरी टाइप-।। (190 यूनिट) क्वॉटरों में सामान्य मरम्मत, पेंटिंग, डिस्टेंपरिग और पाइप लाइन सेनेटरी और दरवाजे, खिड़िकियां आदि की मरम्मत के साथ-साथ अन्य सहायक कार्य। कार्य का अनुमानित लागतः ₹1,62,00,577.33, धरोहर राशि : ₹3,24,100/-

3. निविदा सं.-40-डीडीयू-मं॰ इंजी॰-मुख्यालय-25-26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में एफओबी से मौजूदा शेड तक कनेक्शन के साथ प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 पर खुली जगह पर प्लेटफार्म शेड का विस्तार और डीडीयू स्टेशन पर वीआईपी पार्किंग साइड और पीएफ 7/8 पर लिफ्ट (03 नंबर) का प्रावधान। कार्य का अनुमानित लागतः ₹3,45,38,466.58, धरोहर राशि : ₹6,90,800/-

ई- निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 20.04.2026 को 12:00 बजे तक। बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक / पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1999/डीडीयू/अभि./टी/25-26/56



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. **ई. निविदा सं॰** : पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईपीसी-09-25-26, **कार्यों के नाम** : इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) "-धनबाद डिविजन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गोमोह-कोडरमा खंड (रेलवे किलोमीटर 300.15 से 393.68 के बीच) और पूर्वी मध्य रेलवे के डीडीयू डिविजन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गया- सोन नगर खंड (रेलवे किलोमीटर 475.200 से 542.075 के बीच) में 32.5 टन एक्सल लोड के लिए गिट्टी और पी.वे सामग्री की आपूर्ति, जिसमें पटरी बिछाने और जोड़ने का काम और अन्य विविध कार्य शामिल हैं, तथा सोन नगर-अंडाल परियोजना की तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण के संबंध में गया में उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी/निर्माण/गया के अधीन विभिन्न पी. वे सामग्री की आपूर्ति।, **अंकलित मूल्य (रु)** : 8,05,91,77,677.00, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.)** : 0.00, **अग्रधन राशि (रू.)** : 2,00,00,000.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 365 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 02.06.2026 at 15.30 बजे। ऐसी ई- निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट:**http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि-पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/1987/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/कन्स्ट्र./टी/25-26/56

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गड़हनी में सबको मिल रहा गैस सिलेंडर

**गड़हनी**| स्थानीय नगर पंचायत गड़हनी व प्रखंड क्षेत्र में गैस एजेंसी में गैस लेने को ले लग रही भीड़। लेकिन सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर 25 दिन पर मिल रहा है। जिसका 25 दिन पर डीएसी नम्बर नहीं आ रहा है उसको भी एजेंसी में ओटीपी जनरेट कर गैस दिया जा रहा है। होम डिलीवरी भी जिन उपभोक्ताओं का बुक किया गया है।

### राजस्व व मौसमी कर्मचारियों का धरना, 50 दिनों से कामकाज ठप

**आरा**। आरा बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के बैनर तले बुधवार को राजस्व कर्मचारियों और सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामानंद सिंह ने एवं संचालन जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने किया। वक्ताओं ने कहा कि राजस्व कर्मचारी पिछले 50 दिनों से सामूहिक अवकाश पर हैं, जिससे जमीन से जुड़े सभी कार्य लंबित हो गए हैं। आम लोग अंचल कार्यालयों का चक्कर काटकर वापस लौटने को मजबूर हैं। आरोप लगाया गया कि सरकार और राजस्व विभाग इस हड़ताल को जानबूझकर लंबा खींच रहे हैं। संघ के नेताओं ने बताया कि उनकी 17 सूत्री मांगों पर सहमति बन चुकी है और अब केवल आधिकारिक पत्र जारी होना बाकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही विभाग की ओर से पत्र जारी होगा, सभी कर्मचारी तुरंत अपने कार्य पर लौट आएंगे। धरना में उपस्थित नेताओं ने कहा कि जनता की परेशानी लगातार बढ़ रही है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। महासंघ के मुख्य संरक्षक जानकी प्रसाद ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इधर, सिंचाई विभाग मौसमी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले मौसमी कर्मचारी भी अपने 135 दिनों के बकाया पारिश्रमिक के भुगतान को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर डटे हैं, जिसका बुधवार को तीसरा दिन रहा। प्रदेश अध्यक्ष मो. इम्तियाज भारती ने कहा कि जब तक भुगतान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन करते राजस्व व मौसमी कर्मचारी।

### 4.07 लाख पशुओं को लगा टीका, 50 हजार डोज शेष

**आरा**। जिले में पशुपालन विभाग द्वारा खुरपका-मुँहपका (एफएमडी) रोग से बचाव के लिए चलाया जा रहा टीकाकरण अभियान अब तेजी पकड़ चुका है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित इस अभियान का लक्ष्य जिले को एफएमडी मुक्त बनाना और पशुपालकों की आय को सुरक्षित करना है। जिला पशुपालन पदाधिकारी दिनकर कुमार ने बताया कि जिले में कुल 4,99,850 पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य तय किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 4,07,200 गाय और भैंसों को टीका लगाया जा चुका है। अभी लगभग 50 हजार डोज उपलब्ध हैं, जिनसे शेष पशुओं का टीकाकरण पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें गांव-गांव और घर-घर जाकर अभियान चला रही हैं, ताकि कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रहे। सभी पंचायतों में यह अभियान सक्रिय रूप से चल रहा है और इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। गाय और भैंस के बच्चों को मिलेगा बूस्टर डोज अभियान के तहत 10% बूस्टर डोज भी दिया जाना है। यह खास तौर पर 4 से 7 महीने के बीच के गाय और भैंस के बच्चों को लगाया जाएगा, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके। टीकाकरण जरूरी डॉ रवि कुमार ने बताया कि एफएमडी से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है। नकारात्मक असर नहीं पड़ता।यह एक बेहद संक्रामक वायरल बीमारी है, जो गाय, भैंस, भेड़, बकरी और सूअर में होती है। इसमें बुखार, मुंह और खुर में छाले, लार गिरना और दूध उत्पादन में भारी कमी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका कोई पुख्ता इलाज नहीं है।

### स्टिचिंग सेंटर से तैयार उत्पाद रहे आकर्षण का केंद्र

**कोईलवर**| बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को भोजपुर दौरे के दौरान जीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण और शुभारंभ किया। उन्होंने महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विशेष सराहना की। दौरे की शुरुआत आरा के नवनिर्मित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में स्थापित जीविका प्रदर्शनी केंद्र से हुई। प्रदर्शनी में कोईलवर के जानकी जीविका स्टिचिंग सेंटर द्वारा तैयार वस्त्र, पारंपरिक चित्रकला, सुजनी कढ़ाई, सजावटी सामग्री, कृत्रिम आभूषण, लकड़ी के खिलौने और जूट उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। कृषि आधारित आजीविका, बैंक सखी और अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### बिहार की दुर्गति पर पश्चाताप करने निकले हैं सीएम : डॉ. स्नेहाशीष वर्धन

**बक्सर**। शाहाबाद के जिलों में आज बक्सर और भोजपुर पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा को दुर्गति यात्रा बताते हुए बिहार कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि बिहार के पिछड़ेपन, बेरोजगारी, भ्रष्ट अफसरशाही और गिरते कानून व्यवस्था के जिम्मेदार एनडीए सरकार के मुखिया नीतीश कुमार पश्चाताप करने निकले हैं। बिहार कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी, स्वास्थ्य व्यवस्था और शिक्षा के साथ व्यावसायिक कार्य शिथिल पड़े हैं और ऐसे में इस यात्रा का नामकरण समृद्धि यात्रा कर राज्य में अफसरों द्वारा मुख्यमंत्री के रूप में अपनी अंतिम राजनीतिक यात्रा पर राज्य में निकले नीतीश कुमार को सब्जबाग दिखाया जा रहा है। जबकि सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी अपने चरम पर है। सरकारी योजनाओं में बंदरबांट है और आम जनता रोजाना महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में पीसने को विवश है। ऐसे में नीतीश कुमार को बिहार के विकास में अवरोधक बने रहने और भाजपा के साथ मिलकर सांप्रदायिक राजनीति करने के लिए खुद राज्य की जनता से पश्चाताप करने को उनके बीच जा रहे हैं। सूबे में भाजपा ने जब से उन्हें पद से जबरन हटाया है तब से वें खुद को जनता से जुड़ने की कवायद में लगे हैं और उसी के लिए वें इस यात्रा के माध्यम से अपनी पार्टी और जनाधार बचाने का अंतिम प्रयास कर रहे हैं।

### सीएम ने बक्सर जिले को दी करोड़ों की सौगात

**बक्सर**| बक्सर के ऐतिहासिक धरती पर बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समृद्धि यात्रा के दौरान आगमन हुआ। नीतीश कुमार द्वारा सौगात के रूप में बक्सर जिले को दिए गए करोड़ों रुपए की योजनाओं पर रवि राज ने साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि सीएम ने बक्सर के लिए वादा किया कि वह कहीं भी रहेंगे बिहार के लोगों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा की समृद्धि यात्रा के तहत बक्सर आगमन पर तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं और नीतीश कुमार जी का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने यहां कई योजनाओं पर मोहर लगाई। मौके पर राघवेंद्र उज्जैन, व्यवसायी अमित सिंह, हरेंद्र सिंह, विनोद चौबे, रोहित ओझा, संदीप ठाकुर, रविकांत कुशवाहा, सीता सिंह, सोहराब कुरैशी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं एनडीए के साथी मौजूद थे।

### पैदल चलने को विवश हुए महिला, बुजुर्ग और बच्चे

**बक्सर**। सूबे के सीएम नीतीश कुमार के आगमन को लेकर वाहनों का रुट डाइवर्ट कर दिया गया था। सिंडिकेट मृत नहर पुल से शहर में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित था। वहीं ज्योति प्रकाश चौक से किला मैदान तक किसी वाहनों को आने -जाने नहीं दिया जा रहा था। चप्पे-चप्पे पर पुलिस अधिकारी और जवानों की तैनाती की गई थी। शहर के हर नाके पर बैरियर लगाकर छोटे-बड़े वाहनों के परिचालन पर प्रशासन ने रोक लगा दी थी। लगभग चार घंटे तक शहर के अंदर छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन बिल्कुल ठप कर दिया गया था। दरअसल यह सब इंतजाम सूबे के सीएम नीतीश कुमार के सुरक्षा को लेकर किया गया था। वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने के चलते लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वाहनों का परिचालन ठप किए जाने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। यात्री सिर पर बैग और झोला रख आने-जाने को विवश दिखे। तीखी धूप में सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्ग और बच्चों को हुई।

# चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर निकली शोभायात्रा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर कुशवाहा महासंघ ने एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। इस आयोजन ने पूरे शहर को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रंगों से भर दिया। शोभायात्रा की शुरुआत पिप्पली बुद्ध विहार स्थित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा से हुई। यह विशाल यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए वापस बुद्ध विहार पहुंची, जहाँ एक विचार गोष्ठी के साथ इसका समापन हुआ।

**विभिन्न गांवों से हजारों लोग शामिल हुए**ः इस भव्य आयोजन में जिले के विभिन्न गांवों से हजारों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में सबसे आगे एक आकर्षक रथ पर सम्राट अशोक की तस्वीर सजी थी। दूसरे रथ पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के साथ भंतेगण विराजमान थे। चार अन्य रथों, दर्जनों घोड़ों, सैकड़ों चारपहिया वाहनों और लगभग एक हजार मोटरसाइकिल सवारों ने शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाई। हाथों में झंडे और पताकाएं लिए हजारों लोग पैदल चल रहे थे। "सम्राट अशोक अमर रहें" जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा।

**लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया**ः शोभायात्रा रेलवे स्टेशन, ज्योति प्रकाश चौक, मॉडल थाना, पिपरपाती रोड, अस्पताल रोड, मेन रोड, यमुना चौक, पुलिस चौकी, कॉलेज गेट और जेल पाइन रोड से होते हुए पिप्पली बुद्ध विहार तक गई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। समापन के बाद हुई विचार गोष्ठी की अध्यक्षता अभिमन्यु कुशवाहा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में भेदभाव और संकीर्ण मानसिकता बढ़ रही है, ऐसे में सम्राट अशोक के विचारों को पुनर्जीवित करना अत्यंत आवश्यक है।

**पूरी दुनिया में शांति और मानवता का संदेश फैलाया**ः कुशवाहा ने बताया कि सम्राट अशोक ने यह संदेश दिया था कि वास्तविक शक्ति शस्त्रों में नहीं, बल्कि करुणा, धर्म और न्याय में निहित होती है। उन्होंने आगे कहा कि सम्राट अशोक एक महान शासक थे, जिन्होंने युद्ध की भयावहता को समझने के बाद अहिंसा का मार्ग अपनाया। उन्होंने पूरी दुनिया में शांति और मानवता का संदेश फैलाया, और उनका जीवन भारत सहित संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सम्राट अशोक के त्याग, बलिदान और उनके मानवीय विचारों को जन-जन तक पहुंचाना था,ताकि नई पीढ़ी भी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय धरोहरों के संरक्षण और सामाजिक एकता को मजबूत करने का भी संकल्प लिया गया।

# हनुमान मंदिर में विहिप ने श्रीराम उत्सव आयोजित किया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बुधवार को विश्व हिंदू परिषद जिला इकाई द्वारा गोलंबर स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्री राम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्र ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत पर्यावरण प्रमुख जयशंकर पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष राम उत्सव मनाया जाता है, ताकि लोग भगवान राम के आदर्श जीवन से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने अपने जीवन में त्याग, मर्यादा और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।उन्होंने कहा कि जब भगवान राम के राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी, तब उन्होंने स्वयं वनवास स्वीकार कर मानव जीवन के उत्थान का मार्ग चुना। वनवास के दौरान उन्होंने निषाद राज को अपने समकक्ष स्थान देकर सामाजिक समानता का संदेश दिया। साथ ही माता शबरी के जूठे बेर ग्रहण कर यह बताया कि समाज में कोई ऊंच-नीच नहीं होता, सभी मानव समान हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान श्री राम के जीवन प्रसंगों के माध्यम से लोगों को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस मौके पर मंत्री संजय राय, विभाग मंत्री ईश्वर दयाल, उपाध्यक्ष संजय सिंह, सुरेंद्र राय, बजरंग दल संयोजक बलराम मिश्रा, सह संयोजक अमित पांडे, प्रांत सत्संग प्रमुख कन्हैया पाठक, सुशील राय, हरेंद्र प्रसाद सिंह, शैलेंद्र राय, सुधांशु कुमार सिंह एवं अवधेश कुमार पांडे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चचेरे दादा की हत्या मामले में पोता गिरफ्तार

♦ भोजपुर में बीड़ी देने से मना करने पर हुआ था विवाद, लाठी-डंडे से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में अधेड़ की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गै। मामूली विवाद में पीट-पीटकर हत्या हुई थी। घटना पीरो थाना क्षेत्र के चतुर्भुजी बरांव गांव की है। मृतक की पहचान सहार के पेरहाप गांव निवासी रामजी मुसहर के तौर पर हुई है। पत्नी ललकी देवी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें चचेरे पोते गोरख मुसहर को नामजद आरोपी बनाया गया है।

**बीड़ी देने से मना करने पर बेरहमी से मारा**ः प्राथमिकी के अनुसार, घटना सोमवार रात की है। ललकी देवी ने बताया कि पति रामजी मुसहर घर के बाहर दरवाजे पर बैठे हुए थे। इस दौरान गोरख वहां पहुंचा और उनसे बीड़ी मांगने लगा। बीड़ी देने से इनकार करने पर लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया। बेरहमी से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी।

**पुलिस छानबीन में जुटी**ः वहीं, इस संबंध में पीरो थानाध्यक्ष दीपक साह ने बताया कि आरोपी गोरख मुसहर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जेल भेज दिया गया है। शुरुआती जांच में विवाद की वजह बीड़ी मांगने को लेकर हुआ मामूली झगड़ा ही सामने आया है। पुलिस फिलहाल मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# पूर्व वार्ड पार्षद के बेटे पर जानलेवा हमला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में बुधवार देर शाम मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। पूर्व वार्ड पार्षद के पुत्र को चाकू मार दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल निचली कल मोहल्ले की है। घायल युवक की पहचान ताज तनवीर(25) के तौर पर हुई है, पूर्व वार्ड पार्षद फमीदा खातून का बेटा है। मोहल्ले के मोहम्मद इजहार की बारात बक्सर जाने वाली थी। कई लोग एक साथ जाने के लिए वाहन में सवार हो रहे थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो की आगे वाली सीट पर बैठने को लेकर ताज तनवीर और अली के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर अली ने चाकू निकाल लिया। ताज के गर्दन के पास वार कर दिया। हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

**हालत नाजुक बनी हुई है**ः डॉक्टर ने बताया कि युवक के गर्दन के पास गहरा जख्म है। मरीज को गंभीर अवस्था में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। चोट संवेदनशील जगह पर है, इसलिए स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**छानबीन में जुटी पुलिस**ः पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। फिलहाल इस घटना के पीछे की असली वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन प्रारंभिक जांच में सीट को लेकर हुए विवाद को ही कारण माना जा रहा है। सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# आधुनिक परिधान निर्माण और सिलाई मशीन के रख-रखाव की दी गई जानकारी




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोईलवर**। कोईलवर स्थानीय कोईलवर नगर में आरसीडब्ल्यूए-114 आरएएफ की प्रमुख ऋतु झा के मार्गदर्शन में विशेष सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान महिलाओं को सिलाई, आधुनिक परिधान निर्माण और सिलाई मशीन के रख-रखाव की बारीकियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने व्यावहारिक अभ्यास कराकर महिलाओं के कौशल को निखारने में भी मदद की। साथ ही महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने हुनर को आय का साधन बनाने के लिए प्रेरित किया गया। ऋतु झा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करना था। देश की प्रतिष्ठित सिलाई मशीन कंपनी "उषा" के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों महिलायें शामिल हुईं।

# रजिस्ट्री ऑफिस में गोलीबारी मामले में प्राथमिकी दर्ज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ आरा में जमीन विवाद में फायरिंग, सात लोग घायल, 30 घंटे बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

**आरा**। भोजपुर के पीरो अनुमंडल कार्यालय से सटे रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में दिनदहाड़े हुई गोलीबारी मामले में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना के करीब 30 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है, लेकिफ सफलता नहीं मिली। जिससे लोगों में दहशत और आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस सनसनीखेज गोलीकांड में घायल हुए सभी सात लोग एक-दूसरे से परिचित हैं। जमीन के कारोबार से जुड़े हुए हैं। प्रारंभिक जांच में करीब तीन कट्ठा जमीन की खरीद-बिक्री को लेकर विवाद सामने आया है, जिसे फायरिंग की मुख्य वजह माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार वारदात में लाइसेंसी राइफल के इस्तेमाल की भी बात सामने आई है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है।बद

**बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी**ः बलुआ टोला निवासी घायल प्रॉपर्टी डीलर जीतू यादव के बयान पर सूरज, लड्डु समेत दस नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पीरो एसडीपीओ केके सिंह ने प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि की है। बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की**ः दरअसल, मंगलवार को रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में हथियारबंद बदमाशों ने अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी। इस गोलीबारी में प्रॉपर्टी डीलर जीतू यादव, उनके छोटे भाई सत्येंद्र यादव उर्फ मालखा यादव, पिंटू उर्फ कच्चे कुमार और रितेश दुबे को गोली लगी थी। दिनेश कुमार, कौशल दुबे और अनिल कुमार छर्रा लगने से घायल हो गए थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी और आसपास के लोग दहशत में आ गए थे। सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# चौसा में गूंजा चैता, दुगोला मुकाबले ने बांधा समां

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। जिले के चौसा प्रखंड अंतर्गत सतलुज थर्मल पावर लिमिटेड परिसर में आयोजित भव्य दुगोला चैता गायन कार्यक्रम में लोक संस्कृति की अनोखी छटा देखने को मिली, जहां प्रसिद्ध लोकगायक सुदर्शन यादव और रामाशंकर सिंह के बीच हुए रोमांचक मुकाबले ने पूरे माहौल को सुरमय बना दिया और हजारों श्रोता देर रात तक झूमते रहे। श्री मुरा बाबा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मंच पर जब मगध सम्राट सुदर्शन यादव और सुप्रसिद्ध लोकगायक रामाशंकर सिंह आमने-सामने हुए तो मानो सुरों की जंग छिड़ गई। दोनों कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज, पारंपरिक अंदाज और भोजपुरी लोकधुनों के जरिए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला पार्षद सह अधिवक्ता डॉ. मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि चैता लोकगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में भी लोक परंपराओं का जीवित रहना कलाकारों और ऐसे आयोजनों की देन है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। साथ ही श्री मुरा बाबा पूजा समिति के सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कुमार चौधरी ने की, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सिंहासन चौधरी, शिव दाहिन राय, सुदर्शन राजभर, रामकृष्ण चौधरी, समाजसेवी अधिवक्ता विनोद यादव, नसीम शाह, बहुजन समाज पार्टी चौसा के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार राम, ज्योति यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रामनवमी जुलूस से पहले भगवा रंग में रंगा गड़हनी बाजार, जगह-जगह लहराए गए झंडे



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गड़हनी**। गड़हनी रामनवमी जुलूस से पूर्व नगर पंचायत गड़हनी के गड़हनी बाजार पूरी तरह भगवा रंग में रंग गया है। बाजार की सड़कों, चौक-चौराहों और दुकानों पर भगवा झंडों की सजावट से धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है।स्थानीय लोगों एवं युवाओं द्वारा बाजार के विभिन्न हिस्सों में झंडे लगाए गए हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ नजर आ रहा है। मंदिरों में भी साफ-सफाई और सजावट का कार्य जोर-शोर से चल रहा है।दुकानदारों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रामनवमी को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। वहीं प्रशासन द्वारा भी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। गड़हनी बाजार में इन दिनों शाम होते ही भक्तिगीतों और जय श्रीराम के नारों से माहौल गूंज उठता है, जो पर्व की भव्यता को और भी बढ़ा रहा है।वहीं जुलूस को लेकर प्रखंड के गांवों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयन शिविर 29 को




**रांची**। राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के तहत रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से 29 मार्च 2026 को खेलगांव में चयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर खेलगांव स्थित बॉक्सिंग हॉल, होटवार में आयोजित होगा। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आगामी 31 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक रांची में राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। इसी के तहत जिला स्तर पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयन शिविर में रांची जिले के जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग के साथ-साथ यूथ महिला और पुरुष बॉक्सरों का चयन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में केवल रांची जिला के मान्यता प्राप्त क्लबों से जुड़े खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। एसोसिएशन ने सभी पात्र खिलाड़ियों से समय पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है, ताकि प्रतियोगिता के लिए एक मजबूत टीम का गठन किया जा सके।

### अहमदाबाद दौरे पर गए एसबीयू के कुलपति ने की नोडल सेंटर पर चर्चा



**रांची**। सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने अहमदाबाद स्थित इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर का गुरुवार को दौरा किया। इस दौरान कुलपति ने केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर डॉ सीपी सिंह (तकनीकी स्पेस स्टार्टअप्स के नोडल अधिकारी) से मुलाकात की। मौके पर नोडल सेंटर पर व्यापक चर्चा की गई। एसबीयू ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक में भारत में तेजी से विकसित हो रहे स्पेस स्टार्टअप इकोसिस्टम और उसमें विश्वविद्यालयों की भूमिका को लेकर चर्चा हुई। प्रो जगनाथन ने आईएन-स्पेस के विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे इनोवेशन लैब, डिजाइन सेंटर तथा हाई-एंड सेंसर फैब्रिकेशन एवं टेस्टिंग लैब का भी अवलोकन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के लिए सहयोग, फंडिंग की संभावनाओं और छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तृत बातचीत की गई। विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी बताया गया कि यदि यह पहल सफल होती है, तो सरला बिरला विश्वविद्यालय झारखंड में स्पेस स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए एक नोडल सेंटर के रूप में विकसित हो सकता है। इस सेंटर को आईएन-स्पेस का सहयोग प्राप्त होगा। इससे राज्य में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी।

### आरक्षण का लाभ उन्हीं को मिले जिनके लिए व्यवस्था बनाई गई है : बाबूलाल मरांडी

**रांची**। भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धर्मांतरण के बाद आरक्षण और एससी- एसटी एक्ट का संरक्षण प्राप्त करने वाले लोगों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर बड़ी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो उसे अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिलेगा... यानी धर्म परिवर्तन के बाद वह व्यक्ति आरक्षण या अन्य संवैधानिक लाभों का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति स्वेच्छा से हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह उस सामाजिक संरचना से बाहर हो जाता है, जिसके आधार पर उसे आरक्षण का अधिकार मिला था। ऐसे में उस व्यक्ति द्वारा आरक्षित वर्ग के लाभों का दावा करना संविधान की भावना के विपरीत माना गया है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में यह भी देखा गया है कि कुछ संगठित नेटवर्क लोगों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित करते हैं, जिसके पीछे सामाजिक या आर्थिक लाभ की सोच भी जुड़ी रहती है। इस तरह के प्रयास न केवल समाज में भ्रम पैदा करते हैं, बल्कि आरक्षण जैसी संवेदनशील व्यवस्था का दुरुपयोग भी करते हैं। ऐसे मामलों पर रोक लगाना आवश्यक था, ताकि वास्तविक हकदारों को ही इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय संविधान की गरिमा, सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना को सशक्त करता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आरक्षण का लाभ वास्तव में उन्हीं लोगों तक पहुंचे, जिनके उत्थान के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है।

### छात्रा की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम**। जिला स्थित झींकपानी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेटेया गांव में गुरुवार सुबह कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा बंकी बुडीउली (१८) का शव गांव के पास एक पेड़ से लटका हुआ मिला। परिजनों के अनुसार, बंकी दो दिन पहले ही छात्रावास से अपने घर लौटी थी। बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गए हुए थे। गुरुवार की सुबह जब वे घर लौटे, तो उन्होंने गांव के समीप पेड़ से लटका हुआ बंकी का शव देखा।

# झारखंड हाईकोर्ट में बर्न यूनिट याचिका पर फैसला सुरक्षित

**एजेंसी। रांची**




राज्य के सरकारी अस्पतालों, सदर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में बर्न यूनिट उपलब्ध कराने को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य के सभी जिलों में सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में बर्न यूनिट की व्यवस्था कर दी गई है। बर्न यूनिट के लिए जरूरी आधारभूत संरचना सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। बर्न यूनिट की आधारभूत संरचना को और बेहतर करने के लिए मॉनिटरिंग की जा रही है। इनमें समुचित चिकित्सक भी उपलब्ध है। वहीं एमिकस क्यूरी(न्याय मित्र) एवं अधिवक्ता दीक्षा द्विवेदी ने अदालत को बताया कि कुछ सरकारी अस्पतालों में बर्न यूनिट के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, जिसे दूर किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी ने राज्य के सभी सदर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में बर्न यूनिट चालू करने का आग्रह किया था। पूर्व की सुनवाई के दौरान बर्न यूनिट के संबंध में सरकार ने एक चार्ट संलग्न (अटैच) किया था। जिस पर कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि प्रथम दृष्टया यह चार्ट दर्शाता है कि राज्य के 24 जिलों में से केवल चार जिलों में ही बर्न वार्ड की सुविधाएं संतोषजनक हैं। शेष जिलों के संबंध में केवल सूची संलग्न है। जैसा उल्लेख किया गया है। जबकि वास्तव में ऐसी कोई सूची शपथपत्र के साथ संलग्न नहीं है। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि बर्न वार्ड की सुविधाएं उपलब्ध ही नहीं हैं। अदालत ने कहा था कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक बर्न वार्ड होना आवश्यक है। साथ ही वह बर्न वार्ड उचित रूप से सुसज्जित होना चाहिए, अन्यथा वह केवल कागजों पर ही बर्न वार्ड बनकर रह जाएगा। अदालत ने मामले में झारखंड के निदेशक-प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं एक विस्तृत शपथपत्र दाखिल करने, जिसमें राज्य के प्रत्येक जिले में बर्न वार्ड की वास्तविक स्थिति के बारे में सच्ची और स्पष्ट जानकारी देने को कहा था।

## जागृति दिवस के रूप में मनी दादी जानकी की पुण्यतिथि




**एजेंसी। रांची**

ब्रह्माकुमारी संस्थान के चौधरी बगान स्थित सेवा केंद्र में गुरूवार को पूर्व अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख प्रशासिका दादी जानकी की पुण्यतिथि को वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डिप्टी मेयर नीरज कुमार ने दादी जानकी को प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि दादी जानकी ने अपने जीवन से लाखों लोगों को आध्यात्मिक मार्ग दिखाया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ वंदना राय और डॉ रानी प्रगति प्रसाद ने उनके योगदान को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि दादी जानकी ने विश्वभर में आध्यात्मिकता का संदेश फैलाया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने बताया कि 104 वर्ष की आयु तक सक्रिय रही दादी जानकी का जीवन समाज सेवा और आध्यात्मिक जागृति के लिए समर्पित था। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से विश्वभर में लोगों को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। श्रद्धांजलि सभा के साथ ही उपस्थित लोगों के लिए ब्रह्मभोज भी कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ऑल मार्केट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल एडीसी से मिला

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



शहर के व्यापारिक मुद्दों को लेकर ऑल मार्केट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को एडीसी से मिला और उन्हें सात सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न प्रशासनिक और संवैधानिक विषयों पर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद नसीम अंसारी ने बताया कि एडीसी के समक्ष सौंपे गए ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि संविधान के 74वें संशोधन के तहत वर्तमान स्थिति क्या है, इसकी जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति किस नियम और संवैधानिक प्रावधानों के तहत संचालित हो रही है, इस पर भी स्पष्ट जवाब मांगा गया है। इसके अलावा सैरात बाजारों से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने पूछा है कि बाजारों के किराए में वृद्धि किस नियम और आदेश के आधार पर की गई है। साथ ही टाटा स्टील और जेएनएसी के बीच सैरात बाजारों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया किस नियम के तहत हुई, इसकी भी जानकारी मांगी गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में सैरात बाजारों की भूमि की स्थिति क्या है और सैरात बाजार की प्रमाणित परिभाषा क्या है, इसे भी स्पष्ट किया जाए। एसोसिएशन ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि सभी बिंदुओं पर जल्द से जल्द आधिकारिक जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि व्यापारियों की शंकाओं का समाधान हो सके।

## एमजीएम अस्पताल में होमगार्डों की मारपीट में मरीज सहित दो घायल

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना स्थित एमजीएम अस्पताल में गुरुवार को होमगार्डों की कथित दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल परिसर में तैनात होमगार्डों ने एक मरीज और उसके ड्राइवर के साथ मारपीट की, जिसमें ड्राइवर सुजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गहरी चोट आई, जिसके बाद उसे इलाज के दौरान पांच टांके लगाने पड़े। वहीं मरीज राहुल कुमार के साथ भी दुर्व्यवहार किए जाने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि राहुल कुमार इलाज के लिए अपने ड्राइवर सुजीत कुमार के साथ अस्पताल पहुंचे थे। गाड़ी खड़ी करने के बाद सुजीत थकान के कारण अस्पताल परिसर में फर्श पर लेटकर आराम करने लगा। इसी दौरान वहां मौजूद एक होमगार्ड ने उसे पैर से ठोकर मारकर उठाया और वहां से हटने को कहा। सुजीत ने विनम्रता से थोड़ी देर आराम करने की बात कही, लेकिन होमगार्ड ने उसकी बात अनसुनी कर दी और उसे तत्काल गाड़ी हटाने का निर्देश दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते मामला विवाद में बदल गया। शोर-शराबा सुनकर राहुल कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने की कोशिश करने लगे, लेकिन मामला और बिगड़ गया। आरोप है कि दो होमगार्डों ने मिलकर सुजीत कुमार पर हमला कर दिया और उसे बेरहमी से पीटा। मारपीट के दौरान उसे दीवार से टकरा दिया, जिससे उसके सिर के पीछे गंभीर चोट लगी और खून बहने लगा। राहुल कुमार के अनुसार, घटना के समय एक बुजुर्ग होमगार्ड बीच-बचाव करने का प्रयास कर रहा था, जबकि अन्य दो होमगार्ड लगातार मारपीट में लगे थे। हंगामे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और किसी तरह घायल ड्राइवर को बचाया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस संबंध में एमजीएम थाना पुलिस ने बताया कि अभी लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत पर कार्रवाई की जायेगी।

## लाखों के अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**एजेंसी। खूंटी**



पुलिस ने अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम नौढ़ी, बाबूटोली में अंकित हजाम और लालू हजाम के घर में बड़े पैमाने पर डोडा बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके घर से 330 किलोग्राम अफीम( डोडा) बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो को गुप्त सूचना मिली थी। अड़की थाना के ग्राम नौढ़ी, बाबू टोली में अंकित हजाम और लालू हजाम के घर में बड़े पैमाने पर अफीम( डोडा) छिपाकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गुरुवार को पुलिस टीम ने नौढ़ी, बाबूटोली पहुंचकर घर की घेराबंदी कर तलाशी शुरू की। इस दौरान मौके पर मौजूद युवक ने अपना नाम अंकित हजाम उर्फ साजू ठाकुर (28) बताया। पूछताछ में उसने अपने भाई लालू हजाम के साथ मिलकर डोडा का अवैध कारोबार करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घर से कुल 21 बोरा में 330.21 किलोग्राम अफीम ( डोडा) बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 49.53 लाख रुपये आंकी गई है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर लालू हजाम (31 ) को भी गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में अड़की थाना में 25 मार्च को कांड संख्या 07/26, एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 8(सी), 15(सी), 22(सी) और 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार, कुंदन कुमार तथा अड़की थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही पुलिस ने 37 लाख रूपये मूल्य की अफीम और डोडा बरामद कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### झारखंड हाईकोर्ट ने जोन्हा फॉल-मसरीजारा सड़क पक्कीकरण मामले में सरकार पर जताई नाराजगी

**रांची**। जोन्हा फॉल के निकट मसरीजारा से हेसलाबेड़ा तक कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने प्रस्तावित सड़क का विस्तृत लेआउट प्लान प्रस्तुत नहीं करने पर राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि जिम्मेदार एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को अदालत जुर्माना भी लगा सकता है। लेकिन अदालत ऐसा कड़ा आदेश पारित नहीं करना चाहता। सरकार एक सप्ताह में प्रस्तावित सड़क का विस्तृत लेआउट प्लान बनाए और उसे रेलवे को अनुमोदन के लिए भेजे। इस मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी। दरअसल, खंडपीठ ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह प्रस्तावित सड़क का विस्तृत लेआउट प्लान दो सप्ताह के भीतर तैयार कर रेलवे अधिकारियों को अनुमोदन के लिए भेजे। वहीं, रेलवे प्रशासन को भी निर्देश दिया गया था कि लेआउट प्लान प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र ( एनओसी) जारी करने पर निर्णय ले। खंडपीठ ने सुझाव दिया था कि उक्त सड़क की चौड़ाई कम-से-कम 8 मीटर रखी जाए, ताकि दो वाहन आसानी से एक-दूसरे को पार कर सकें। खंडपीठ ने यह भी कहा था कि संबंधित क्षेत्र में कई पर्यटन स्थल हैं, ऐसे में मात्र 5 मीटर चौड़ी सड़क भविष्य में यातायात जाम की समस्या पैदा कर सकती है। मामले में पक्षकारों ने 5 मीटर चौड़ी सड़क का प्रस्ताव रखा था। बताया गया था कि रेलवे अधिकारियों ने अपनी भूमि पर 5 से 6 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण की सहमति दी है।

**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–16/2026**

**आम इस्तेहार**

आवेदिका रामनु देवी पति–स्व0 ठाकुर युगल किशोर नाथ साही उर्फ युगल किशोरनाथ साही, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल– चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| | 201 | 657 | 0.06 |
| | | 695 | 0.02 |
| | | 1179 | 0.34 |
| | | 1261 | 1.36 |
| | | 1262 | 0.01 |
| | | 1268 | 1.30 |
| | | 1270 | 1.06 |
| | | कुल– | **4.15** |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 376079 District(25-26).D

**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com**

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 10.01.2026 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार लेस्लीगंज के बंदोबस्ती हेतु न्यूनतम डाक राशि 130000.00 रूपये निर्धारित की गयी है। साथ ही हाट बाजार तेतराई (पाँकी) का विगत बन्दोबस्ती अवधि समाप्त हो गया है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2026 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तेतराई हाट | पाँकी | 08-04-2026 | मध्याह्न–12:00 बजे से | 192000.00 | 19200.00 |
| 2 | लेस्लीगंज | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | | | 130000.00 | 13000.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 07.04.2026 तक **कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा।** बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। **डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 9006083521 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,जिला परिषद, पलामू

PR 376153 District(25-26).D

**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**

**नावघाट बन्दोबस्ती हेतु आम डाक सूचना**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 2263/जि0प0, दिनांक 01.11.2025 (PR No- 365228), आम सूचना ज्ञापांक 2300/जि0प0, दिनांक 13.11.2025 (PR No- 366052) तथा ज्ञापांक 2539/जि0प0, दिनांक 16.12.2025 (PR No- 368765) के माध्यम से नावघाट रानीदेवा के एक वर्षीय बन्दोबस्ती हेतु तीन बार निविदा आमंत्रित की गई थी। परन्तु किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा डाक में भाग नहीं लिया गया। दिनांक 10.01.2026 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के बोर्ड की बैठक में नावघाट रानीदेवा का एक वर्षीय बन्दोबस्ती हेतु न्यूनतम डाक की राशि मो0– 200000.00 (दो लाख) रूपये निर्धारित की गई है। अतः उक्त के आलोक में पलामू एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला परिषद, अन्तर्गत निम्नांकित नावघाट (तरणीघाट) का वर्ष 2026 के लिए बन्दोबस्ती आम डाक के माध्यम से उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी :–

| क्र0सं0 | नावघाट का नाम | थाना | नदी का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | डाक की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रानीदेवा | हुसैनाबाद | सोन नदी | 200000.00 | 50000.00 | 08-04-2026 12:20 PM |

जो व्यक्ति या संस्था डाक बोलना चाहे वे जिला परिषद, पलामू कार्यालय में **कॉलम संख्या– 6 में अंकित जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/Cash जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से देय एवं डालटनगंज में भुगतेय होगा) तथा पहचान पत्र (आधार) के साथ डाक के एक दिन पूर्व** अपना नाम दर्ज करा लेंगे तदोपरान्त उन्हें डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।

डाक की कुल राशि डाक समाप्ति के तुरन्त बाद एक मुस्त जमा करा देना होगा। इच्छुक व्यक्ति को डाक से पूर्व अपने पहचान पत्र की छायाप्रति कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट की पूर्व की बन्दोबस्ती की राशि बाकी होगी अथवा जिनका एकरारनामा निबंधन लम्बित होगा उन्हें अगामी 03 वर्षो तक डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। दो डाक की बोली में न्यूनतम 10000.00 रूपये के अन्तर का होना अनिवार्य होगा।

उच्चतम डाक बोलने वाला व्यक्ति या संस्था यदि डाक बोलने के बाद बन्दोबस्ती नहीं लेगा, तो उसकी जमानत की राशि सोख्त (फोरफीट) कर ली जायेगी। सचिव जिला परिषद, पलामू को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वे बिना कोई कारण बताए किसी भी डाक को अस्वीकृत कर सकेंगे। बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम अन्तर्गत बने नियमों का पालन करना होगा।

**नोट** :– 1. नावघाट के डाक में 5–10 वर्ष के अनुभव रखने वाले नाविक/संगठन/समिति/अन्य व्यक्ति को प्राथमिकता दिया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 376151 (District)25-26*D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### वन्यजीव संरक्षण की सच्चाई उजागर ,कागजों में सुरक्षित, जमीन पर असुरक्षित

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए देश भर में चिड़ियाघर और अभयारण्य बनाए गए हैं। मगर संरक्षित स्थलों पर भी सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त का अभाव कुछ वन्यजीवों की जान पर भारी पड़ रहा है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं हैरत की बात है कि हिरणों को शिकार से बचाने के लिए जिस सुरक्षित स्थल पर रखा गया है, वहां आवारा कुत्तों ने ही सेंध लगाकर हमला कर दिया। कहा जा रहा है कि कुत्तों का झुंड बाड़े को तोड़कर अंदर घुस गया। इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी होगी। दूसरे, इस घटना ने संबंधित पशु बचाव केंद्र में तैनात कर्मियों की लापरवाही को भी उजागर किया है। सवाल है कि आवारा कुत्ते बाड़े को तोड़कर एक के बाद एक हिरण पर हमला करते रहे, तो वहां निगरानी का जिम्मा संभाले वनकर्मियों को इसकी भनक क्यों नहीं लग पाई।यह बात छिपी नहीं है कि विभिन्न राज्यों में कई जगह चिड़ियाघर और वन्यजीव संरक्षण केंद्र तो स्थापित कर दिए गए हैं, लेकिन वहां न तो पर्याप्त कर्मियों की तैनाती की गई है और न ही पुख्ता सुरक्षा उपाय किए गए हैं। बाड़ों के बाहर निगरानी के लिए सीसीटीवी और अन्य तकनीकी प्रबंधों का भी अभाव देखा जाता है। जंगली जानवरों के बाड़े से बाहर निकलकर खुले जंगल में गायब हो जाने की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि बाड़ों की सुरक्षा की नियमित निगरानी नहीं हो पाती है।छत्तीसगढ़ की घटना भी इसी व्यवस्थागत खामी और लापरवाही की वजह से हुई है। वन विभाग ने संबंधित डिप्टी रेंजर और तीन वन रक्षकों को निलंबित कर दिया है, लेकिन क्या यह कार्रवाई काफी है? अक्सर यह देखा जाता है कि इस तरह की लापरवाही में निचले कर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई करके मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। ऐसे मामलों में जब तक उच्च अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी।

### जंग में जब सप्लाई रुकती है, तब शुरू होता है असली संकट

भारत सहित कई देश साफतौर पर किसी भी मसले का हल युद्ध के बजाय कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में रहे हैं, लेकिन जंग में शामिल देश कई बार इस सबसे जरूरी तकाजे को समझने में देर कर देते हैं। किसी भी युद्ध में भले ही दो देश या पक्ष शामिल होते हैं, लेकिन संभव है कि उसके नतीजों का दायरा इतना बड़ा हो कि अन्य कई देशों के लोगों के सामने मुसीबतें खड़ी हो जाएं। मसलन, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि समूची दुनिया में कई स्तर पर मुश्किलें बढ़ती देखी जा सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि ऊर्जा या तेल और गैस के लिए बहुत सारे देश अपनी जरूरतों के ज्यादातर हिस्से के लिए मध्यपूर्व पर निर्भर हैं। मगर इस युद्ध की शुरुआत के बाद अब धीरे-धीरे स्थितियां बिगड़नी शुरू हो चुकी हैं।हालांकि भारत सहित कई देश साफतौर पर किसी भी मसले का हल युद्ध के बजाय कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में रहे हैं, लेकिन जंग में शामिल देश कई बार इस सबसे जरूरी तकाजे को समझने में देर कर देते हैं। दोतरफा व्यापक हमलों और उसमें जानमाल के भारी नुकसान के बीच ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से दुनिया के कई देशों में तेल और गैस की आपूर्ति भी सीमित या बहुत कम हो गई है। यह ऐसी मुश्किल है, जिससे सभी लोग प्रभावित होंगे।समस्या यह है कि अगर संघर्ष लंबा खिंचा, तो आम लोगों के सामने बहुस्तरीय संकट खड़े होंगे और सरकार के सामने चुनौतियां गहराएंगी। आने वाले दिनों में युद्ध के स्वरूप के बिगड़ने और इसका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका के मद्देनजर ही प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सामने 'अप्रत्याशित चुनौतियां' हैं। जाहिर है, अब जो हालात हैं, उसमें इनका सामना करना ही विकल्प है। ऐसे में सरकार को जहां रोजमर्रा की अनिवार्य जरूरतों की आपूर्ति को संतोषजनक स्तर पर बनाए रखने के लिए हर उपाय करना होगा।

*परिवार और समुदाय सत्ता में महिलाओं को देखकर असहज महसूस कर सकते हैं, इसलिए वे पुरुषों को पर्दे के पीछे रखकर पुराने मानदंडों को लागू करते हैं। महिलाएं अब सेना, अंतरिक्ष, खेल और व्यावसायिक नेतृत्व में नए मानदंड स्थापित कर रही हैं। स्व-सहायता समूह, डिजिटल साक्षरता और शिक्षा में सुधार के लिए सरकारी प्रयासों से बदलाव आ रहा है। इस गति को बढ़ाने की जरूरत है।*

## महिलाओं को लेकर डॉ कलाम का सपना अधूरा

**(योगेंद्र योगी)**

आर्थिक भागीदारी में भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में केवल 18 प्रतिशत है, जो काफी कम है। कामकाजी महिलाओं में से केवल 40-42 प्रतिशत ही अपने पति के बराबर या उससे अधिक कमाती हैं। साक्षरता दर में 2010-2021 के बीच 14.4प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइलमैन के नाम मशहूर रहे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि महिलाओं का सशक्तिकरण एक अच्छे परिवार, अच्छे समाज और अंततः एक अच्छे राष्ट्र के विकास की ओर ले जाता है। जब महिला सुखी होती है, तो घर सुखी होता है। जब घर सुखी होता है, तो समाज सुखी होता है, और जब समाज सुखी होता है, तो राज्य सुखी होता है, और जब राज्य सुखी होता है, तो देश में शांति होती है और उसका विकास अधिक गति से होता है। देश महिलाओं की मौजूदा हालात को देखते हुए लगता यही है डॉ कलाम का यह सपना पूरा नहीं हुआ है। इस सपने को पूरा करने के लिए अभी शायद दशकों तक इंतजार करना पड़ेगा। भारतीय महिलाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर संसद में नेतृत्व तक का लंबा सफर तय किया है, फिर भी सच्ची समानता अभी भी दूर है। मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है, जमीनी स्तर पर प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है और महिला आरक्षण विधेयक एक बड़ी छलांग का वादा करता है। लेकिन लैंगिक भेदभाव, परोक्ष राजनीति और सुरक्षा संबंधी चिंताओं जैसी व्यवस्थागत बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। विश्व स्तर पर भारत में महिलाओं की स्थिति मिश्रित है, जहाँ वे नेतृत्व और सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, वहीं लैंगिक असमानता, सुरक्षा और श्रम भागीदारी में उन्हें गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा और साक्षरता में प्रगति के बावजूद, पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण और आर्थिक असमानता प्रमुख बाधाएं बनी हुई हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है। जो महिलाओं की स्थिति में चिंताजनक गिरावट दर्शाता है। देश में महिलाएं अभी तक लिंगभेद का शिकार हैं। महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और अपराधों के ग्राफ बताते हैं कि उनकी तरक्की ऊंट के मुंह में जीरे से ज्यादा नहीं है। साल 2023 की राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में 2023 में महिलाओं के खिलाफ 13,366 मामले दर्ज हुए, जो मुंबई में 6,025 और बेंगलुरु में 4,870 से कहीं ज्यादा हैं। हालांकि साल 2022 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। देश में 2021 से 2023 के बीच महिलाओं के खिलाफ कुल 13,21,745 अपराध दर्ज हुए। औसतन हर तीन मिनट में एक महिला किसी न किसी अपराध का शिकार हुई। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने राज्यसभा में पेश आंकड़ों के बताया कि ने घरेलू हिंसा, अपहरण, यौन अपराध और बाल शोषण जैसी घटनाओं में लगातार तीन वर्षों में बढ़ोतरी देखी गई। उत्तर प्रदेश इन तीन वर्षों में सबसे आगे रहा, जहां 1,88,207 मामले दर्ज हुए। इसके बाद महाराष्ट्र में 1,31,958, राजस्थान 1,31,246, बंगाल 1,05,313 और मध्य प्रदेश में 95,780 मामलों ने स्थिति की गंभीरता को उजागर किया है। महिलाओं के खिलाफ प्रमुख अपराधों में शामिल रहे पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के 4,09,929 मामले तो वहीं अपहरण के 2,49,284 मामले सामने आए। गृह राज्य मंत्री बंदी ने बताया था कि अपराधों के ये रुझान सामाजिक और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को उजागर करते हैं। विभिन्न राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों से जुड़े अपराधों की संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है। आर्थिक भागीदारी में भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों (82 प्रतिशत) की तुलना में केवल 18 प्रतिशत है, जो काफी कम है। कामकाजी महिलाओं में से केवल 40-42प्रतिशत ही अपने पति के बराबर या उससे अधिक कमाती हैं। साक्षरता दर में 2010-2021 के बीच 14.4प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालाँकि, केवल 10प्रतिशत महिलाएं अपने स्वास्थ्य संबंधी निर्णय खुद ले पाती हैं। संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। 2024 में 800 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। फिर भी, वैश्विक स्तर पर यह भागीदारी अभी भी कम है। लोकनीति-सीएसडीएस के 2019 के 'महिलाएं और राजनीति' सर्वेक्षण के मुताबिक अधिकतर महिलाओं को रैलियों में जाने, उम्मीदवार से मिलने या चुनाव प्रचार करने के लिए परिवार की मंजूरी लेनी पड़ती है। 58 प्रतिशत महिलाओं का मानना था कि राजनीतिक परिवार से आने वाली महिलाओं के लिए राजनीति में प्रवेश आसान होता है। जबकि 57 प्रतिशत का मानना था कि आर्थिक रूप से मज़बूत परिवारों की महिलाओं को बढ़त मिलती है। अपने सर्वोच्च स्तर पर भी पहुंचकर भी महिलाओं का लोकसभा में हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत ही रहा, जबकि मतदाताओं में उनकी हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत है। 1952 में पहली लोकसभा में सिर्फ़ 22 महिलाएं चुनी गई थीं। 1977 में तो यह संख्या घटकर 19 ही रह गई। एक बड़ा बदलाव 21वीं सदी में दिखा। साल 2009 में 59 महिलाएं सांसद बनीं, 2014 में यह संख्या बढ़कर 62 हो गई, और 2019 में यह ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 78 तक पहुंच गई। 2024 में यह थोड़ा घटकर 74 रह गई। राजनीतिक दल अक्सर कम टिकट देने को यह कहकर सही ठहराते हैं कि महिलाओं के जीतने की संभावनाएं कमज़ोर होती हैं। लेकिन सफलता का आंकड़ा इस दावे को सवालों के घेरे में डाल देता है। 1957 में 49 प्रतिशत महिला उम्मीदवार जीतीं, जबकि पुरुषों में जीत का प्रतिशत सिर्फ़ 33 प्रतिशत था। 1962 में महिलाओं की सफलता दर 47 प्रतिशत थी जबकि पुरुषों की सिर्फ़ 25 प्रतिशत। हाल के चुनावों में भी महिलाओं की सफलता दर बराबर या थोड़ा बेहतर ही रही। वर्ष 2019 में 11 प्रतिशत जीतीं, जबकि पुरुषों में यह दर 6 प्रतिशत थी। 2024 में महिलाओं की सफलता दर 9 प्रतिशत और पुरुषों की 6 प्रतिशत रही। इन आंकड़ों से साफ़ है कि जब महिलाओं को टिकट मिलता है तो वे चुनाव जीत सकती हैं। चाहे महिलाएं अब वोटिंग में लगभग बराबरी पर हों, लेकिन असली राजनीतिक शक्ति और प्रतिनिधित्व अब भी सीमित है। महिला आरक्षण बिल का पारित होना इस अंतर को कम करने का एक संरचनात्मक रास्ता ज़रूर खोलता है। आज भी 23% युवा महिलाओं की शादी 18 वर्ष से पहले हो जाती है, जो ग्रामीण और गरीब घरों में अधिक आम है। एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, पंचायत प्रतिनिधियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 46प्रतिशत है, हालांकि, उनकी प्रभावी भागीदारी कम बनी हुई है, खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान जैसे उत्तरी राज्यों में, जहां अक्सर पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेने में हावी रहते हैं। इस प्रथा को उजागर करने और इसकी निंदा करने के लिए 'प्रधान पति' शब्द राजनीतिक शब्दावली में शामिल हो गया है। यह दर्शाता है कि किस प्रकार गहरी जड़ें जमा चुके लैंगिक मानदंड प्रगतिशील कानूनों को कमजोर कर सकते हैं।

## जीवन में पवित्र आचरण लाने का पर्व है रामनवमी

**(श्रीराम माहेश्वरी)**

भगवान श्रीराम के अवतरण का दिवस है रामनवमी। धर्म की स्थापना और अधर्म का नाश करने हर युग में श्रीहरि अवतरित होते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम लोकनायक हैं। वे सार्वकालिक और सार्वदेशिक हैं। समूची दुनिया के लिए राम आदर्श हैं। अगस्त्य संहिता में कहा गया है कि चेत्र शुक्ल नौमी के दिन यदि पुनर्वसु नक्षत्र हो और यह समय मध्यान का हो तो महान पुण्यदाई होता है। इसी दिन श्रीहरि का प्राकट्य हुआ। भारतीय संस्कृति में श्रीराम नवमी तिथि का विशेष महत्व है। प्राचीन काल से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नौमी तक भारतवर्ष में श्रद्धालु एक उत्सव के रूप में मनाते हैं । नवरात्रि के ९ दिनों में साधक जप, तप, साधना करते हैं। साधना से उन्हें सिद्धियां सुलभ होती हैं। रामनवमी के दिन विभिन्न राज्यों में घर घर में सुबह से रात तक भजन, कीर्तन ,भंडारा कार्यक्रम चलते रहते हैं । लोग व्रत रखते हैं । भगवान श्रीराम जानकी जी का पूजन करते हैं । जगह जगह रामायण पाठ होता है। घर की पूजा का स्थान पवित्र कर लेना चाहिए । घर के उत्तर में एक सुंदर मण्डप बना ले। पूर्व द्वार पर शंख चक्र तथा श्री हनुमान जी की स्थापना करें। दक्षिण द्वार पर बाण धनुष तथा श्री गरुड़ जी की, पश्चिम द्वार पर गदा खड़्ग श्री अंगद जी की तथा उत्तर द्वार पर पदम स्वास्तिक और श्री नील जी की स्थापना करें । मंडप के बीच में चार हाथ की वेदिका होना चाहिए। मंडप को चारों ओर सुंदर तोरण से सजाया जाए। घर द्वार को फूल माला से सजाएं । भगवान के विग्रह पर अक्षत पुष्प से पूजन करें । प्रसाद चढ़ाएं । शुद्ध पात्र में कपूर और घी की बाती का दीपक जलाकर आरती करें । सभी को आरती दें। पंचामृत पंजीरी का प्रसाद वितरित करें । व्रत रखें । पूरे दिन संयम से रहें। भगवान राम के मंत्र का यथासंभव जप करें । ब्राह्मणों और कन्याओं का भोज कराएं। दिन भर भजन कीर्तन करें । सच्चे मन और श्रद्धा से भगवान का पूजन करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। बाधाएं दूर होती हैं । घर में मंगलमय वातावरण होता है। श्री अगस्त्य संहिता में श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा या चित्र दान करने का उल्लेख भी मिलता है। भगवान श्रीराम के चरित्र उनके गुणों, उनके आदर्शों को जीवन में अनुकरण करने का यह पुण्यदाई समय है। परमात्मा होकर भी भगवान ने साधारण पुरुष की तरह जीवन बिताते हुए अनेक लीलाएं की । उन्होंने इस जगत में आदर्श पुरुष, आदर्श पति, आदर्श पुत्र और आदर्श राजा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। सत्यनिष्ठ और संयम से रहते हुए उन्होंने उत्तम आचरण का पालन किया। राम के मूल्य शाश्वत हैं। सभी देशकाल के लिए उपयोगी और अनुकरणीय हैं । उनका स्मरण करने पर संतों को नई ऊर्जा का अनुभव होता है। महायोगी अरविंद कहते हैं कि रामायण अपने ढंग की सर्वाधिक महान और विलक्षण कविता है । वह नैतिक आदर्शवाद और वीरतापूर्ण अर्धदिव्य मानव जीवन का अत्यंत उदात्त और सुंदर महाकाव्य हे । बाल्मीकि ने भगवान श्रीराम के गुणों की अद्भुत व्याख्या की है। इसी तरह हम देखते हैं कि तुलसीदास जी ने रामचरितमानस लिखकर समूचे विश्व में रामकथा को पहुंचाया। दुनिया के कई देशों में रामलीला का मंचन होता है। राम असाधारण वक्ता , अतुलनीय पराक्रमी, अत्यंत रूपवान हैं तथा वे सभी सदगुणों को भी धारण करते हैं। इस जगत में मनुष्य को कैसा आचरण और व्यवहार करना चाहिए इसे बाल्मीकि ने रामायण में विस्तार से बताया है।

## आज का राशिफल

### मेष
करियर कारोबार में प्रभाव बनाए रखेंगे. पेशेवर सकारात्मक संकेत पाएंगे. प्रबंधकीय कार्यां में शुभता का संचार बना रहेगा. निजी विषयों में सामंजस्य दिखाएंगे. आर्थिक विषयों में स्पष्टता बढ़ाएंगे. अनुकूलन बना रहेगा. स्वस्थ स्पर्धा रखें. आशंकाओं से बचेंगे. पेशेवर कामकाज में भरोसा बढ़ेगा. सफलताओं से उत्साहित रहेंगे. परिवार मे आनंद का वातावरण रहेगा।

### वृष
आज भाग्य की मदद से दीर्घकालिक लक्ष्यों को पाने की ओर सुगमता से बढ़ेंगे. पेशेवर गतिविधियों में उत्साह बनाए रहेंगे. कामकाजी प्रयास गति लेंगे. योजनाओं पर फोकस बढ़ाएंगे. आस्था विश्वास बल पाएंगे. यात्रा की स्थिति रहेगी. बड़ों की मदद से आगे बढ़ेंगे. सफलता की ओर तेजी से अग्रसर रहेंगे. महत्वपूर्ण कार्यां को गति देंगे. सबसे मेलजोल रखेंगे।

### कर्क
स्वास्थ्य संबंधी संकेतों पर अतिरिक्त नजर बनाए रखने का समय है. परिजनों का साथ व सहयोग बना रहेगा. जिम्मेदारों से सीख सलाह रखेंगे. वाणी व्यवहार का संतुलन बढ़ाएंगे. सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे. मित्रों का सहयोग बना रहेगा. धैर्य के साथ आगे बढ़ते रहेंगे. मेहमानों की आवक बनी रह सकती है. व्यवहार में सहजता सजगता बढ़ाएं।

### सिंह
निजी जीवन में सभी करीबियों को जोड़े रखने और प्रभावित करने में सफल होंगे. दाम्पत्य में स्नेह विश्वास बनाए रखें. सहज चर्चा में शामिल रहेंगे. परस्पर सहयोग का भाव बना रहेगा. कामकाज में नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा. लाभ के मामले संवरे रहेंगे. कार्य विस्तार के अवसर बने रहेंगे. व्यक्तिगत मामले हल होंगे. साझीदारी का प्रयास बनाए रखेंगे।

### मिथुन
साहस पराक्रम और उत्साह में वृद्धि होगी. बौद्धिक कार्यां को करने में रुचि रहेगी. मन को सहज बनाए रहेंगे. सीखने सिखाने पर जोर बना रहेगा. पेशेवर प्रभावी रहेंगे. विभिन्न गतिविधियों में रुचि बनाए रखेंगे. योजनाओं व लक्ष्य पर फोकस बनाए रखेंगे. परीक्षा प्रतियोगिता में अच्छा करेंगे।

### कन्या
कुल परिवार के मामले बेहतर बने रहेंगे. कार्यगति प्रभावशाली बनी रहेगी. सबसे सामंजस्य बनाए रखेंगे. स्वास्थ्य पर ध्यान देंगे. रुटीन को बेहतर रखेंगे. सक्रियता से आगे बढ़ेंगे. जोखिम लेने से बचें. विनम्रता बनाए रहेंगे. परिजनों के साथ आनंद से रहेंगे. आकर्षक प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

### तुला
आज मेहनत और लगन से परिणाम पाने का दिन है. पेशेवरो के प्रभाव से कामकाज पक्ष में बना रहेगा. अत्यधिक श्रमशील प्रयासों से बचें. स्वास्थ्य संकेतों को नजरअंदाज न करें. सेवा व्यवसाय से जुड़े मामलों में व्यस्त रहेंगे. नौकरीपेशा तथ्यों पर भरोसा रखें. अतार्किक बातों में न आएं. सहज गति से आगे बढ़ते रहें।

### वृश्चिक
पारिवारिक एवं भावनात्मक विषयों में रुचि बढ़ेगी. प्रबंधन पर फोकस बना रहेगा. पद प्रतिष्ठा संवार पर बनी रहेगी. प्रशासकीय मामले बेहतर रहेंगे. रिश्तों में सुधार होगा. पैतृक विषय प्राथमिकता में रहेंगे. बड़ों का सहयोग मिलेगा. सहजता बनाए रखेंगे. व्यवस्था को मजबूत रखें. समय सुधार पर बना रहेगा. घर परिवार से करीबी बढ़ेगी. सुख सुविधाओं पर ध्यान देंगे।

### मकर
रचनात्मक संवाद और सहकार में आगे बने रहेंगे. तैयारी व लगन से कार्य पक्ष में बनाए रखेंगे. सृजन को बल देंगे. स्वयं पर फोकस बनाए रखेंगे. आधुनिक सोच से आगे बढ़ेंगे. पद प्रतिष्ठा प्रभाव में वृद्धि होगी. लोकप्रियता बनी रहेगी. साख सम्मान बनाए रखेंगे. सबको साथ लेकर चलेंगे. व्यक्तित्व व्यवहार प्रभावशाली बना रहेगा. सभी क्षेत्रों में शुभत्व बढ़ेगा।

### कुंभ
अर्थ व्यापार के मामलों में दबाव बना रह सकता है. रिश्तों में असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है. विभिन्न कार्यां में निवेश बढ़ा सकते हैं. घर में सामंजस्य रहेगा. उधार से बचेंगे. बजट बनाकर आगे बढ़ें. खर्च पर अंकुश रखें. दूर देश के मामले सधेंगे. सहज गति से आगे बढ़ें. कार्य व्यापार पर नियंत्रण बढ़ाएंगे. पेशेवरता से काम लेंगे. लेनदेन में सावधानी बरतेंगे. नीति नियम निरंतरता रखेंगे. दान धर्म में रुचि रहेगी।

### धनु
वाणिज्यिक लाभ का प्रतिशत अच्छा बना रहेगा. साहस सामंजस्य और सामाजिकता को बल मिलेगा. आवश्यक मामले हल होगे. भाईचारा बढ़ाने का प्रयास रखेंगे. संवाद प्रभावशाली रहेगा. इच्छित सूचनाएं प्राप्त होंगी. भाई बंधुओं के साथ समय बिताएंगे. सामाजिकता पर जोर रहेगा. वाणिज्यिक विषयों में दूरदर्शिता रखेंगे. साहस पराक्रम राह बनाएंगे।

### मीन
वित्तीय मामलों में सकारात्मक प्रभाव बढ़ाने वाला दिन है. आर्थिक क्षेत्र में उपलब्धियां संभव होंगी. बड़प्पन बनाए रखेंगे. निजी मामले बेहतर बनेंगे. आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. प्रबंधन संवार पर रहेगा. महत्वपूर्ण कार्यां को तेजी करेंगे. मित्रों को साथ बनाए रखने की कोशिश करें. कार्य व्यापार प्रभावी बना रहेगा. परीक्षा प्रतिस्पर्धा में प्रभावी रहेंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6043

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6042

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## वर्ग पहेली 6043

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | |
| | ■ | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | | | ■ |
| ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ | 15 |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | | | |
| | ■ | 19 | 20 | ■ | ■ | ■ | |
| 21 | | | | ■ | 22 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1919 को बॉलीवुड की पुरानी फिल्मों के संगीतकार (निधन 6 जनवरी 1987 ) ने जन्म लिया था, सुप्रसिद्ध कृति गीत गोविंद के रचयिता (4)
4. मैथिलीशरण गुप्त की सुप्रसिद्ध कृति, अयोध्या नगरी को यह भी कहते है (3)
6. निर्गम, प्रयाण, निकास (3)
7. मूल तथ्य, चर्चा, वार्तालाप (2)
8. दृढ़तापूर्वक कही गई बात, नालिश, मुकदमा, अभियोग (2)
9. जालिम, अत्याचारी, दरिंदा (3)
11. यह भारत का प्रथम सम्राट था जिसने मुगल सम्राज्य स्थातिप किया (3)
13. चमगादड़ को यह भी कहते है (3)
14. संगीत में ऋषभ स्वर सूचक शब्द (1)
16. जिसकी कोई सीमा न हो, अंतहीन, छोरहीन (3)
18. भारत के हरियाण राज्य का एक नगर जो यमुना नदी के समीप स्थित है (4)
19. स्कंध, जुलाहों की राछ या कूंची (2)
21. मंदगति से भ्रमण करना, मंद गमन करन, विचरना (4)
22. कसम, सौगंध, हलफ, सोंह (3)

**ऊपर से नीचे**
1. माता दुर्गा के नामों में से एक, शारदा (4)
2. दो की संख्या, निग्रह (2)
3. देयी, कर्जदार, ऋणग्रस्त (4)
4. यह अमिताभ बच्चन अभिनीत पहली फिल्म थी (6)
5. शीघ्रता से, उत्साहपूर्ण (3)
10. महाशय, श्रीमान, महोदय (2)
12. पुण्य दिवस, वार्षिकी (3)
15. भूत, प्रेम आदि के स्वामी होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
16. अत्यधिकता, असंख्य, आक्रमण (3)
17. एक डंडे के सिरे पर कपड़ा लपेटकर उसे जलाने से उत्पन्न रोशनी (3)
20. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)

### वर्ग पहेली 6042 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | वि | शं | क | र | शु | क्ल | ■ |
| ज | ल | ख | ग | ■ | मा | र्क | ■ |
| त | य | ■ | र | का | र | ■ | सा |
| प | ■ | शू | ■ | मा | ■ | गं | ध |
| ट | ह | ल | ■ | य | ■ | गा | ना |
| ■ | नु | ■ | रा | नी | गं | ज | ■ |
| त | मा | शा | ई | ■ | ड | ल | ना |
| न | न | द | ■ | पा | क | ■ | ते |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता सूची में नाम नहीं, पर करेंगे चुनावी ड्यूटी; जांच में जुटा आयोग

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां मतदाता सूची में



नाम नहीं हैं, लेकिन उन्हें चुनावी ड्यूटी मिली है। इनमें केंद्रीय बल के जवान, शिक्षक व अन्य शामिल हैं। ऐसी चूक क्यों हुई, चुनाव आयोग इसकी जांच कर रहा है। बीरभूम जिले के सिउड़ी-2 ब्लॉक के अनंतपुर गांव के रहने वाले शेख नजरुल इस्लाम का मामला चौंकाने वाला है। नजरुल 1994 से सीआरपीएफ में कार्यरत हैं और वर्तमान में छत्तीसगढ़ में तैनात हैं। चुनाव आयोग ने उन्हें बंगाल में ड्यूटी के लिए भेजा है लेकिन जारी पूरक मतदाता सूची में उनका नाम नदारद है। इसी तरह मेदिनीपुर के प्राथमिक शिक्षक प्रसेनजीत चक्रवर्ती और बीरभूम के प्रधान शिक्षक मोहम्मद एनामुल हक दोनों को फ ?र्स्ट पोलिंग ऑफिसर के रूप में ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है लेकिन जब उन्होंने मतदाता सूची देखी तो अपना नाम गायब पाया ।इन शिक्षकों का सवाल है कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं वैध मतदाता नहीं है तो वह चुनाव प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित करेगा ? चुनाव आयोग की वेबसाइट पर मतदाता सूची को लेकर जो तकनीकी संकट था, उसे दूर कर लिया गया है। मंगलवार को इसमें सभी मतदाता विचाराधीन दिख रहे थे। चुनाव आयोग द्वारा पूरक मतदाता सूची जारी किए जाने के बाद से यह गड़बड़ी दिखी थी। पोर्टल पर ईपीआइसी नंबर डालकर सर्च करने पर लगभग सभी मतदाताओं का स्टेटस विचाराधीन दिख रहा था ।इस समस्या को दूर कर लिया गया है।

### वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव; ओलावृष्टि और बारिश का अलर्ट जारी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री नीचे पहुंच गया है। बुधवार को न्यूनतम तापमान में 0.2 डिग्री तापमान की गिरावट दर्ज की गई है और अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। सामान्य अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री की मामूली वृद्धि हुई है। जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति के कुकुमसेरी और ताबो में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे रिकार्ड किया गया, जिससे ठंड का प्रभाव और बढ़ गया है। मौसम विभाग ने 26, 27 और 31 मार्च को मौसम के प्रतिकूल रहने की संभावना जताई है। 28 से 30 मार्च तक कई हिस्सों में तेज आंधी, बिजली चमकने, ओलावृष्टि और वर्षा की संभावना जताते हुए यलो और ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इन तीन दिनों के दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। 29 मार्च को अधिकांश हिस्सों में ओलावृष्टि की संभावना ज्यादा है, इसलिए इस दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### राम के नवरसः नौ कवि, नौ रस—भोपाल में अनोखी काव्य संध्या

**भोपाल।** साहित्य और संस्कृति के संगम को एक नए आयाम देने के उद्देश्य से 29 मार्च 2026, रविवार, शाम 7 बजे समन्वय भवन में — राम के नवरस का आयोजन होने जा रहा है। पॉलिटिक्सवाला मीडिया समूह द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन देश में अपनी तरह का पहला होगा, जिसमें राम के व्यक्तित्व और उनके जीवन प्रसंगों को नौ अलग-अलग रसों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। यह भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में निहित राम के विविध आयामों को काव्य के माध्यम से जीवंत करेगा। राम के नवरस की इस प्रस्तुति में देश के प्रतिष्ठित और लोकप्रिय कवि अपनी विशिष्ट शैली में नौ रसों—श्रृंगार, वीर, करुण, हास्य, रौद्र, भयानक, बीभत्स, अद्भुत और शांत—को अभिव्यक्त करेंगे।

# फरीदाबाद में अवैध कॉलोनियों पर हाई कोर्ट का सख्त आदेश

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिले में अब शायद ही ऐसा कोई गांव बचा होगा, जहां कृषि योग्य भूमि पर अवैध कालोनी न काटी गई हो। नगर निगम लिमिट से लेकर यमुना नदी तक एक हजार से अधिक अवैध कालोनियां काटी जा चुकी हैं। लगभग सभी में निर्माण हो रहे हैं। कुछ में तोड़फोड़ हुई है लेकिन यहां फिर से निर्माण शुरू किए जा चुके हैं। अवैध कालोनियों के बढ़ते जाल से जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े होते हैं। इन कॉलोनियों को बसने से रोकने के लिए विशेष तौर पर जिम्मेदार विभाग जिला नगर योजनाकार एन्फोर्समेंट है। यहां डीटीपीई के अलावा इनके जेई सहित पूरा तोड़फोड़ दस्ता होता है। अधिकारियों की आंखों के सामने कॉलोनी काटी व बसाई दी जाती है और ये तोड़फोड़ के नाम पर खानापूरी करते रहते हैं। अब एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कालोनियां बसाने वाले जिम्मेदारों को ढूंढने और जांच करने के आदेश प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को दिए हैं। इस आदेश के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो जिला नगर योजनाकार विभाग से बीते 10 साल का रिकार्ड तलब करेगी। इसमें देखा जाएगा कि कितनी कालोनी काटी गई और बस गई हैं। इस दौरान जिले में कितने अधिकारी रहे। इस रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई होगी। इस जांच से काफी हलचल पैदा हो गई है।

**एक दशक में तैनात रहे ये डीटीपीईः** जिले में एक दशक में जिन डीटीपीई की तैनाती रही है, उनमें धर्मवीर खत्री, इनके बाद नरेश कुमार, राजेंद्र शर्मा, राहुल कुमार रहे हैं। फिलहाल यजन चौधरी



डीटीपीई हैं। ऐसा नहीं है कि इन अधिकारियों ने अवैध कालोनियों पर कार्रवाई नहीं की लेकिन रोक नहीं लग सकी। अधिकारियों ने तो यमुना नदी पार जाकर फार्म हाउस तक तोड़े, लेकिन फिर से यहां निर्माण शुरू हो गए।

**अवैध कॉलोनियों से बढ़ा खतराः** अवैध कॉलोनियों से सबसे बड़ा खतरा मास्टर प्लान 2031 को पैदा हो गया है। क्योंकि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण भी अपने सेक्टरों का दायरा बढ़ाने जा रहा है। इसके लिए ग्रेटर फरीदाबाद के 18 गांव खेड़ी कलां, नचौली, ताजुपुर, ढहकौला, शाहबाद, बदरपुर सैद, साहुपुरा, सोतई, सुनपेड़, मलेरना, जाजरू, भैंसरावली, फत्तुपुरा, भुआपुर, जसाना, फरीदपुर, सदपुरा और तिगांव की साढ़े चार हजार एकड़ जमीन ली जाएगी। इनमें से अधिकतर गांव में अवैध कॉलोनियां काटी जा रही है। इसके अलावा मास्टर प्लान 2031 तैयार हो चुका है। इसके तहत तय किया जा चुका है कि कहां-कहां क्या गतिविधियां होंगी। यदि कृषि योग्य भूमि पर अवैध प्लाटिंग हो जाएगी तो मास्टर प्लान की गतिविधियां प्रभावित होंगी। इस प्लान के तहत मास्टर रोड व सेक्टर रोड बनेंगी। लेकिन यदि अवैध कालोनी कट गई तो बाद में इसे हटाने में दिक्कत होगी। हर महीने 10 से 12 जगह अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की जा रही है। सूचना मिलने और अपने गुप्त सूत्रों से पता लगते ही दस्ता कार्रवाई के लिए पहुंच जाता है।

**1500 का भत्ता नहीं स्थायी रोजगार चाहिए**

## उद्योगों की राह देख रहा उत्तर बंगाल, रोजगार सवाल; आठ जिलों में गिनती के 8 बड़े कारखाने भी नहीं

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** उत्तर बंगाल के इलाके में कल-कारखानों का अभाव है। इस क्षेत्र में कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, दार्जिलिंग, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा और कूचबिहार कुल आठ जिले हैं। यह पूरा क्षेत्र काफी समय से औद्योगिक पिछड़ेपन का शिकार है। पूरे आठ जिलों को मिला दें तो आठ भी ऐसे कल कारखाने नहीं है, जहां 100 से अधिक लोगों को रोजगार मिला हो। उद्योग के नाम पर छोटी-मोटी इकाइयां हैं, जो स्थानीय युवाओं की रोजगार की आवश्यकता को पूरी करने में सक्षम नहीं हैं। पिछले 34 वर्षों के वाम मोर्चा शासन और अब ममता बनर्जी के नेतृत्व



वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के करीब 15 वर्षों के शासनकाल में उत्तर बंगाल में कोई बड़ा औद्योगिक निवेश नहीं हुआ है। राज्य सरकार हर साल बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट आयोजित करती है, जिनमें सैकड़ों करोड़ के निवेश प्रस्तावों की घोषणा होती है, लेकिन जमीनी स्तर पर उत्तर बंगाल में इनका असर नहीं के बराबर है। ज्यादातर निवेश दक्षिण बंगाल या कोलकाता क्षेत्र में ही सीमित है। इस औद्योगिक शून्यता के कारण उत्तर बंगाल के युवा बड़े पैमाने पर पलायन कर रहे हैं। इनके पलायन को रोकना यहां सबसे बड़ी चुनौती है। कूचबिहार से मालदा तक हर जिले के युवा रोजगार की तलाश में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और अन्य दक्षिणी राज्यों में जा रहे हैं। हाल के दिनों में कई राज्यों में बांग्लाभाषी मजदूरों को ''बांग्लादेशी'' बताकर मारपीट की घटनाएं हुईं। इस तरह की घटना के शिकार उत्तर बंगाल के युवा भी हुए हैं।

राज्य सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए बांग्लार युवा साथी योजना शुरू की है। इसके तहत 21-40 वर्ष के युवाओं को 1500 रुपये मासिक भत्ता दिया जा रहा है। युवाओं को अधिकतम पांच वर्ष तक या नौकरी मिलने तक इसका लाभ मिलने का प्रावधान है। लाखों युवाओं ने इसके लिए आवेदन किया है। विपक्षी दल और राज्य के युवा इसे चुनावी चाल बता रहे हैं। युवा कहते हैं कि उन्हें 1500 का लालीपाप नहीं, बल्कि सम्मानजनक रोजगार चाहिए। अगर बंगाल में ही अच्छी नौकरियां मिलतीं तो दूसरे राज्यों में जाने की मजबूरी नहीं होती। इस बार चुनाव में भाजपा ने उत्तर बंगाल के औद्योगिक पिछड़ेपन को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया है।

## गाजियाबाद में बिजली कटौती से हाहाकार, एक घंटे की सूचना पर छह घंटे गुल रही बत्ती; पानी की भी हुई किल्लत

**साहिबाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के भोपुरा की पंचशील, कृष्णा विहार कुटी व डिफेंस कॉलोनी की बुधवार को छह घंटे बिजली गुल रही। लोगों का कहना है कि अधिकारियों ने महज एक घंटे बिजली कटने की सूचना दी थी। इससे एक तरफ लोगों को गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ी, दूसरी ओर लोगों को पानी तक नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह आठ बजे बिजली कट गई थी। एसडीओ को कॉल कर शिकायत की तो



उन्होंने मेंटेनेंस कार्य होने का हवाला दिया। बार-बार कॉल करने के बाद भी आपूर्ति सामान्य नहीं हुई। दोपहर करीब दो बजे बिजली सामान्य हुई। इसके बाद भी दिनभर में कई बार बिजली कटी। स्थानीय निवासी मंजू जैन ने बताया कि विद्युत निगम के अधिकारियों ने एक घंटे की सूचना दी थी, जबकि कटौती छह घंटे की गई। मेंटेनेंस के नाम पर रोजाना 10 से 12 बार 15 से 20 मिनट के कट लगाए जाते हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही है। स्थानीय निवासी राजकुमार ने बताया कि लंबे समय से बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर में रहकर भी कस्बों जैसी बिजली मिलती है। मुख्य अभियंता नरेश भारती का कहना है कि आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इस कारण बिजली प्रभावित हुई थी। लोगों को परेशानी न हो इसके लिए पहले से सूचना दे दी जाती है। अगर कम घंटे की सूचना देकर अधिक बिजली काटी जा रही है तो संबंधित अधिकारियों से इसका जवाब मांगा जाएगा।

## गुरुग्राम के अस्पताल पर मौत के बाद भी इलाज ! पांच लाख वसूलने के बाद डेढ़ लाख और मांगे; स्वजन का हंगामा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सेक्टर-49 स्थित पार्क अस्पताल में बुधवार रात सड़क हादसे में घायल युवक की मौत के बाद जबरदस्त हंगामा हो गया। परिवारवालों ने डॉक्टरों पर इलाज के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। परिवार वालों ने आरोप लगाया की दो दिन से अस्पताल में इलाज चल रहा था, जब उन्होंने युवक को दिल्ली के अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए कहा तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई कि युवक की मौत पहले ही हो चुकी थी लेकिन पैसे वसूलने के लिए उसे इलाज दिखाया गया। स्वजन ने बताया कि तीन दिनों में उनसे पांच लाख रुपये से अधिक की राशि ली गई। एम्स में भर्ती कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये और मांगे गए। बुधवार शाम को जब अस्पताल से युवक को शिफ्ट के लिए कहा गया तो अस्पताल प्रबंधन की तरफ से टालमटोल की गई। रात को दस बजे स्वजन का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर नजदीकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा कर जाम खुलवाया।




परिवार ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को शिकायत दी है। थाना पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी सामने आएगा उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सेक्टर 66 के रहने वाले मोफीजूर रहमान ने बताया कि उनका 21 वर्षीय बेटा अजहर उल इस्लाम सोमवार सुबह दूध की डिलीवरी देने के लिए ऑटो से जा रहा था। सेक्टर 50 थाना क्षेत्र में सेंट जेवियर स्कूल के पास लोडिंग टेंपो ने टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल होने पर उन्हें तुरंत पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## हुमायूं-ओवैसी गठजोड़ से कई दलों में लगी मुस्लिम वोट पाने की होड़, कांग्रेस-टीएमसी की बढ़ी चिंता

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) व असदुद्दीन ओवैसी की आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के बीच बंगाल विधानसभा (विस) चुनाव के लिए गठबंधन की औपचारिक घोषणा ने कई दलों में मुस्लिम वोटों को लेकर सियासी प्रतिस्पर्धा बढ़ा दी है। एजेयूपी व एआइएमआइएम ने बुधवार को कोलकाता में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन कर अपने गठबंधन की घोषणा की। एजेयूपी 182 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। एआइएमआइएम को कितनी सीटें दी जाएंगी, इसे लेकर



बातचीत हो चुकी है, लेकिन अभी इसका खुलासा नहीं किया गया। प्रश्न यह है कि हुमायूं-ओवैसी की जोड़ी बंगाल के मुस्लिमों को अपनी ओर खींचने में कितनी कारगर साबित होगी? तृणमूल को पिछले डेढ़ दशक से मुस्लिमों का साथ मिलता आ रहा है और कांग्रेस-वाममोर्चा (वामो) अपना खोया मुस्लिम वोट पाने को प्रयासरत है। वहीं नौशाद सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट भी अपना गणित लगा रही है। हुमायूं 'बाबरी मस्जिद' के माध्यम से मुस्लिमों को साधने की जुगत में हैं। मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में कुछ समय पहले ही वह इसकी नींव रख चुके हैं।

**यहां प्रभावी हो सकते हैं ओवैसीः** ओवैसी की पार्टी का बिहार के सीमांचल (पूर्णिया, अररिया, कटिहार व किशनगंज) से लगते बंगाल के उत्तर व दक्षिण दिनाजपुर जिलों के मुस्लिम बहुल विस क्षेत्रों में प्रभाव दिख सकता है। बिहार विस चुनाव में एआइएमआइएम ने पांच सीटें जीती थीं। ओवैसी ने कहा कि तृणमूल ने मुस्लिम वोट तो हासिल कर लिया, लेकिन इस समुदाय के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनका गठबंधन मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ेगा। वहीं हुमायूं ने भी कहा कि बंगाल को मुस्लिम मुख्यमंत्री की जरुरत है। कईयों का मानना है कि इस गठबंधन का बड़ा प्रभाव न भी पड़ा, तो भी मुस्लिम वोट बैंक कुछ हद तक बंटेगा, जिससे भाजपा को फायदा होगा। ममता खुद को मुस्लिमों की सबसे बड़ी हिमायती बताती आई हैं। तृणमूल ने इस बार 47 मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं, जो पिछली बार से पांच अधिक हैं। ममता मुस्लिम समुदाय को अपने साथ बनाए रखने को कोई कसर नहीं छोड़ रहीं। हालांकि, उनके लिए चुनौती आसान नहीं होने होगी। कुल 294 विस सीटों में से 100-110 पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक हैं।

## उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए करना पड़ रहा लंबा इंतजार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिले में रसोई गैस किल्लत के चलते अब भी बहुत से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनों में खड़े होना पड़ रहा है। कई एजेंसियों की ओर से पहले घरों तक घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति की जाती थी। अब घरों तक सप्लाई बंद कर दी गई है। कई एजेंसी पहले की तरह अब भी घर तक सप्लाई दे रहे हैं। सूरजकुंड क्षेत्र और बल्लभगढ़ में स्थिति खराब है।

वह लोग अधिक परेशान हैं , जिनके पास गैस सिलिंडर कनेक्शन नहीं है। ऐसे में वह इधर-उधर से महंगे दामों पर गैस सिलिंडर खरीद रहे हैं। जिन्होंने बुकिंग करवाई है। उन्हें सप्लाई का इंतजार करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ता एजेंसी के यहां चक्कर लगा रहे हैं। मुजेसर निवासी प्रेम कुमार ने बताया कि उन्होंने जब बुकिंग करने का प्रयास किया तो मैसेज आया कि उनका सिलिंडर सप्लाई कर दिया गया है। उन्होंने इसकी शिकायत एजेंसी कार्यालय में कर दी है। शिव दुर्गा विहार निवासी अर्जुन सिंह और प्रदीप कुमार ने बताया कि गैस संकट से पहले घर तक गैस सिलिंडर



की सप्लाई की जाती है। अब घर तक सप्लाई नहीं हो रही है। एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। तब जाकर सिलिंडर मिल पा रहा है। मैंने पांच दिन पहले बुकिंग करवाई थी। दो बार कई घंटे तक लाइन में भी लगा, मगर अब तक सप्लाई नही की गई है।। हमारे यहां की एजेंसी का हाल खराब है। छह दिन पहले बुकिंग करवाई थी। एजेंसी के बाहर कई घंटे लाइन में भी लगा रहा। अब तक गैस सिलिंडर की सप्लाई नहीं की गई। गैस संकट से पहले एक-दो दिन में ही सिलिंडर सप्लाई कर दिया जाता था।

## बस्तर के अंतिम बड़े माओवादी नेता पापाराव ने 17 साथियों संग डाले हथियार

**जगदलपुर , एजेंसी।** बस्तर के अंतिम बड़े माओवादी व 25 लाख रुपये के इनामी कमांडर पापाराव ने बुधवार को औपचारिक रूप से समर्पण कर दिया। उसके 17 साथियों ने भी हथियार डाल दिए हैं। इनमें सात महिलाएं शामिल हैं।

पापाराव के साथ कुल 87 लाख रुपये के इनामी माओवादी मुख्यधारा में लौटे हैं। इनमें डिविजनल कमेटी सदस्य अनिल ताती और प्रकाश माड़वी जैसे शीर्ष माओवादी शामिल हैं। इनके समर्पण के बाद माना जा रहा है छत्तीसगढ़ में माओवादी नेतृत्व का अंत हो गया है।

जगदलपुर के शौर्य भवन में आयोजित समारोह में माओवादियों ने एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, बस्तर रेंज के आइजीपी सुंदरराज पी और सीआरपीएफ महानिदेशक जीपी सिंह के समक्ष समर्पण किया है। अपने हथियार छोड़ने के बाद उन्होंने संविधान की प्रति थामी। इस दौरान बस्तर के जनजातीय समुदाय ने उनका गुलाब के फूलों





से स्वागत किया। समर्पित माओवादियों ने 12 लाख रुपये, आठ एके-47, एक इंसास, एक एसएलआर और बीजीएल सहित कुल 18 स्वचालित हथियार सुरक्षा बल को सौंपे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह समर्पण प्रदेश में माओवादी हिंसा के अंत की दिशा में निर्णायक पड़ाव है। उन्होंने बताया कि राज्य का अधिकांश क्षेत्र अब माओवादी प्रभाव से मुक्त हो चुका है और अब केवल छिटपुट माओवादी ही बचे हैं, जो लगातार समर्पण कर रहे हैं। बता दें कि देश के बड़े माओवादी गणपति के नेपाल में भागने की खबर है। वहीं, उसका करीबी सहयोगी मिशिर झारखंड में छिपा बताया जा रहा है। साथ ही बस्तर में पापाराव के समर्पण के बाद केवल सोढ़ी केसा और डीवीसीएम हेमला विज्जा बचे हैं, जो प्रदेश के बाहर तेलंगाना के मुलगु जिले में छिपे हैं। दो-तीन छोटी टीमें अभी बची है, पर वे अब सक्रिय नहीं हैं।

पापाराव ने बताया कि माओवादी देवजी ने अंतिम मुलाकात में कहा था कि वे सभी मिलकर संघर्ष जारी रखेंगे। हालांकि, कुछ समय बाद देवजी ने तेलंगाना में चुपचाप हथियार डाल दिए। इस बीच सुरक्षा बल के लगातार बढ़ते दबाव ने उसे और उसकी टीम को समर्पण के लिए मजबूर कर दिया।

## टीएमसी ने की भवानीपुर के रिटर्निंग अधिकारी को हटाने की मांग, सुवेंदु अधिकारी के करीबी होने का किया दावा

**कोलकाता , एजेंसी।** बंगाल की हाई-प्रोफाइल विधानसभा सीट भवानीपुर में चुनावी सरगर्मी के बीच एक नया प्रशासनिक विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी के रूप में सुरजीत राय की नियुक्ति का कड़ा विरोध किया है।

तृणमूल ने इस संबंध में मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर राय को तत्काल पद से हटाने की मांग की है।

तृणमूल नेता डेरेक ओब्रायन ने अपने पत्र में दावा किया है कि सुरजीत राय (2011 बैच के डब्ल्यूबीसीएस अधिकारी) पहले नंदीग्राम-2 ब्लॉक के बीडीओ रह चुके हैं और उन्हें भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी का बेहद करीबी माना जाता है। चूंकि इस बार भवानीपुर से सुवेंदु अधिकारी भाजपा के उम्मीदवार हैं, ऐसे में राय की नियुक्ति चुनावी निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पार्टी का तर्क है कि इससे स्वतंत्र और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। पत्र में कहा गया है कि आमतौर पर ऐसे संवेदनशील पदों पर संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों की नियुक्ति होती है, लेकिन सुरजीत राय वर्तमान में भूमि रिकार्ड के अतिरिक्त निदेशक हैं, जो इस पद की गरिमा और वरिष्ठता के अनुरूप नहीं है। तृणमूल ने आइपीएस अधिकारी जयंत कांत की पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति पर आपत्ति जताते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है है।

# बेलागंज में शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवक गिरफ्तार

सोनवर्षा वाणी

**बेलागंज,गया।** जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से इलाके में फैले भय के माहौल को नियंत्रित किया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने गुरुवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक नशे की हालत में स्थानीय लोगों के बीच उत्पात मचा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान राजेश मांझी और सूरज कुमार के रूप में हुई है। थाने लाकर दोनों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बिहार



मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# महाचक में सतचंडी महायज्ञ से आस्था, सेवा और समर्पण का अनूठा संगम

## हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियान से सामाजिक संदेश

सोनवर्षा वाणी

**गया।** गया जिले के महाचक गांव में चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित श्री सतचंडी महायज्ञ इन दिनों आस्था, श्रद्धा और सामाजिक सेवा का केंद्र बना हुआ है। इस भव्य आयोजन ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। महायज्ञ का संचालन गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह के सान्निध्य में किया जा रहा है। महायज्ञ स्थल पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। "जय माता दी" के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण



भक्तिमय बना हुआ है। दूर-दराज से आए श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से यज्ञ में भाग लेकर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। इस आयोजन की खास बात यह है कि इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक और अन्य गणमान्य लोग भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आयोजन की गरिमा बढ़ा रहे हैं। यह महायज्ञ केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सेवा का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। गोल संस्थान और लायंस क्लब के संयुक्त प्रयास से विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए यह पहल काफी लाभकारी साबित हो रही है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और करियर मार्गदर्शन को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश पहुंच रहा है। महायज्ञ का समापन रामनवमी के शुभ अवसर पर होगा।

इस दिन एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो महाचक से प्रारंभ होकर उपथू होते हुए सिद्ध शिवाला तक जाएगी। इस शोभायात्रा में आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कुल मिलाकर, महाचक में आयोजित यह सतचंडी महायज्ञ आस्था के साथ-साथ सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण बनकर उभर रहा है।

# गुरुआ में मिस्त्रियों को भूकंप रोधी निर्माण का प्रशिक्षण, 7 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रम



सोनवर्षा वाणी

**गुरुआ,गया।** जिले के गुरुआ प्रखंड सभागार भवन में मिस्त्रियों के लिए भूकंप रोधी निर्माण तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत चल रहे इस कार्यक्रम में कुल 30 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण की शुरुआत 24 मार्च से हुई है, जो 7 अप्रैल तक चलेगा। ब्लॉक परिसर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार द्वारा प्रतिभागियों को भूकंप रोधी भवन निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मिस्त्रियों को इस तरह सक्षम बनाना है कि वे भविष्य में सुरक्षित और मजबूत भवनों का निर्माण कर सकें। प्रशिक्षण के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें सरकारी मान्यता मिलेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रतिदिन 700 रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जा रही है। प्रतिभागियों को इंडक्शन सामग्री और औजार किट भी उपलब्ध कराई गई है। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित किया जा रहा है। तीसरे दिन प्रतिभागियों को निर्माण सामग्री के सही उपयोग और उसकी गुणवत्ता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। सभी 30 प्रशिक्षुओं का चयन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को प्राथमिकता देने का प्रावधान है, हालांकि वर्तमान बैच में कोई भी महिला प्रतिभागी शामिल नहीं है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के विभिन्न प्रखंडों में चलाया जा रहा है, जो आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने और सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।






मियामी ओपन

# सबालेंका सेमीफाइनल में, रयबाकिना से होगा महामुकाबला



**मियामी (एजेंसी)।** मियामी ओपन में वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हेली बैप्टिस्ट को 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यह लगातार दूसरा साल है जब सबालेंका मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। मैच में बैप्टिस्ट ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन सबालेंका ने अहम मौकों पर शानदार खेल दिखाया।

**पहले सेट में बचाए ब्रेक पॉइंट-** पहले सेट में बैप्टिस्ट ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन सबालेंका ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर मैच पर पकड़ बना ली। सेट के अंत में बैप्टिस्ट ने डबल फॉल्ट कर दिया, जिसका फायदा उठाकर सबालेंका ने पहला सेट अपने नाम कर लिया।



- **दूसरे सेट में भी दबाव में टूटी बैप्टिस्ट-** दूसरे सेट में बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर लिया था।
लेकिन 5-4 पर सबालेंका की सर्विस के बाद बैप्टिस्ट फिर दबाव में आ गईं और लगातार तीन डबल फॉल्ट कर बैठीं, जिससे सबालेंका को मैच प्वाइंट मिल गया। इसके बाद सबालेंका ने शानदार फोरहैंड विनर लगाकर मैच जीत लिया।
- **सेमीफाइनल में फिर होगी रयबाकिना से भिड़ंत-** अब सेमीफाइनल में सबालेंका का मुकाबला ईलेना रयबाकिना से होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक 16 मुकाबले हुए हैं, जिसमें सबालेंका 9-7 से आगे हैं। हाल ही में इंडियन वेल्स फाइनल में भी सबालेंका ने रयबाकिना को हराकर खिताब जीता था।
- **रयबाकिना ने पेगुला को हराकर बनाई जगह-** दूसरी ओर, वर्ल्ड नंबर-2 ईलेना रयबाकिना ने जेसीका को 2-6, 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। रयबाकिना ने धीमी शुरुआत के बाद शानदार वापसी की और मैच जीत लिया।
यह 2026 में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब भी जीता था।
- **मियामी ओपन सेमीफाइनल में शानदार रिकॉर्ड-** रयबाकिना का मियामी ओपन सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 2-0 का है। उन्होंने 2023 में पेगुला और 2024 में विक्टोरिया को हराया था, लेकिन दोनों बार फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2023 में पेट्रा कोवीटोवा और 2024 में कोलीन्स ने उन्हें फाइनल में हराया था।

# कोहली ने 19 गेंदों में बनाए 45 रन

- कार्तिक बोले- हर साल नया प्लान, इस बार और बेहतर दिखेंगे; 28 को आरसीबी का पहला मैच

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के शुरू होने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे हैं। बेंगलुरु में आरसीबी के दूसरे इंट्रा स्क्वाड मैच में विराट



कोहली ने तेज पारी खेलते हुए 19 गेंद में 45 रन बनाए। टीम के मेंटर और बैटिंग कोच दिनेश कार्तिक ने उनकी फॉर्म और इरादे की तारीफ की है।इससे पहले सोमवार को खेले गए पहले इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी विराट ने 12 गेंदों पर 29 रन बनाए थे।

**कार्तिक बोले- कोहली खुद को बेहतर बना रहे-** मैच के बाद आरसीबी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें दिनेश कार्तिक ने कहा, आज का गेम अच्छा रहा। विराट की क्लास शुरुआत में ही दिख गई थी, उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। विराट की महानता यह है कि वे हर साल एक खास प्लान और इरादे के साथ आते हैं। आपने देखा कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को किस स्तर पर पहुंचाया है। मुझे लगता है कि इस साल वे और भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

# लिवरपूल को झटका, सालाह सीजन के आखिर में छोड़ देंगे टीम

**लंदन (एजेंसी)।** मोहम्मद सालाह ने मंगलवार को घोषणा की कि वह सीजन के आखिर में लिवरपूल एफसी छोड़ देंगे, जिससे एनफील्ड में उनका शानदार समय खत्म हो जाएगा। 33 साल के इस खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में इस खबर को कन्फर्म करते हुए कहा, बदकिस्मती से वह दिन आ गया है। यह मेरे फेयरवेल का पहला हिस्सा है, और फिर कहा, मैं सीजन के आखिर में लिवरपूल छोड़ दूंगा।



सालाह ने अप्रैल 2025 में क्लब के साथ दो साल का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लिवरपूल ने कहा कि दोनों पार्टियों ने उनके भविष्य को लेकर एक एग्रीमेंट कर लिया है जिससे वह फ्री ट्रांसफर पर जा सकते हैं। उनके अपने ऊंचे स्टैंडर्ड के हिसाब से, पिच पर यह एक मुश्किल कैंपेन रहा है। सालाह ने सभी कॉम्पिटिशन में 34 मैचों में 10 गोल किए हैं, जिससे 2017 में क्लब जॉइन करने के बाद से उनका सीज़न का सबसे कम गोल हो गया है।

ऑफ-फील्ड दिक्कतों ने भी इसमें भूमिका निभाई है। दिसंबर में लीड्स के साथ 3-3 के ड्रॉ के बाद सालाह ने कहा कि क्लब ने उन्हें बस के नीचे फेंक दिया था और बताया कि हेड कोच आर्ने स्लॉट के साथ उनका रिश्ता टूट गया था। हालांकि जनवरी में उनके बाहर होने की अटकलें थीं, लेकिन अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में शामिल होने के बाद वह टीम में वापस आ गए। यह अभी साफ नहीं है कि सालाह अगले सीजन में कहां खेलेंगे। लिवरपूल ने कहा कि उन्होंने सपोर्टर्स के लिए सम्मान और आभार दिखाने और अपने भविष्य के बारे में साफ जानकारी देने के लिए यह घोषणा जल्दी करने का फैसला किया।

आईपीएल 2026-

# आरसीबी-एसआरएच मैच से पहले बड़ा फैसला

## बीसीसीआई ने रद्द की ओपनिंग सेरेमनी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की शुरुआत से ठीक पहले बीसीसीआई ने बड़ा फैसला लेते हुए ओपनिंग सेरेमनी रद्द कर दी है। यह समारोह 28 मार्च को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होना था, लेकिन पिछले साल हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के सम्मान में यह निर्णय लिया गया। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना के कारण आईपीएल 2026 के पहले दिन कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा।

**क्लोजिंग सेरेमनी होगी भव्य** - हालांकि ओपनिंग सेरेमनी रद्द कर दी गई है, लेकिन बीसीसीआई टूर्नामेंट के अंत में भव्य समापन समारोह आयोजित करेगा।अधिकारी ने बताया, बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल फाइनल के दिन 31 मई को एक भव्य मनोरंजन कार्यक्रम की योजना बना रहे हैं।

**आरसीबी और एसआरएच के बीच होगा पहला मैच** - 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबले के साथ आईपीएल 2026 की शुरुआत होगी। इस मैच में ईशान किशन स्क्वा की कप्तानी करते नजर आएंगे, क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट के कारण उपलब्ध नहीं हैं।

### 2019 में भी रद्द हुई थी ओपनिंग सेरेमनी

इससे पहले आईपीएल 2019 में भी ओपनिंग सेरेमनी रद्द की गई थी। उस समय पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों के सम्मान में यह फैसला लिया गया था और समारोह का पैसा शहीदों के परिवारों को दिया गया था।

### आरसीबी ने भी दी श्रद्धांजलि

आरसीबी टीम ने भी भगदड़ में जान गंवाने वाले 11 प्रशंसकों को सम्मान देने के लिए खास फैसला लिया है। टीम मैनेजमेंट ने कहा, 11 प्रशंसकों की याद में खिलाड़ी मैच के दिन अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे और काली पट्टी भी बांधेंगे। उन्होंने आगे कहा, चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें हमेशा के लिए खाली रखी जाएंगी, ताकि उन प्रशंसकों की याद हमेशा बनी रहे।

# 'लोग मुझ पर हंसते थे', आरसीबी में विजय माल्या की 450 करोड़ की इनवेस्टमेंट बनी 16000 करोड़



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मालिक विजय माल्या ने सोशल मीडिया पर फ्रैंचाइज़ी की रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब उन्होंने आरसीबी का अधिग्रहण किया था तो ज्यादातर लोग मुझ पर हंसते थे। आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम ने 1.78 बिलियन डॉलर (16,000 करोड़ रुपये से ज्यादा) में फ्रैंचाइजी का अधिग्रहण पूरा किया। इस कंसोर्टियम में ब्लैकस्टोन, अमेरिका स्थित निवेशक डेविड ब्लिट्जर की बोल्ट वेंचर्स और टाइम्स ऑफ इंडिया भी शामिल हैं। इस सौदे ने आरसीबी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास की सबसे महंगी फ्रैंचाइजी बना दिया। माल्या ने आरसीबी फ्रैंचाइजी को 450 करोड़ रुपए में खरीदा था और अब इस इनवेस्टमेंट को करीब 16,000 बन गई। माल्या ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'मैं आरसीबी के नए मालिकों को दिल से बधाई देना चाहूंगा। मैं उन्हें इस सबसे कीमती आईपीएल फ्रैंचाइजी के साथ सफलता और शुभकामनाएं देता हूं। ' जब मैंने 2008 में 450 करोड़ रुपये में यह फ्रैंचाइजी खरीदी थी, तो ज्यादातर लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया था और मेरे निवेश की आलोचना करते हुए इसे एक 'दिखावटी प्रोजेक्ट' बताया था। मेरे इस 'पागलपन' के पीछे रॉयल चैलेंज ब्रांड को खड़ा करने का मकसद था और इसीलिए मैंने फ्रैंचाइजी का नाम आरसीबी रखा। उन्होंने आगे लिखा, यह देखकर बहुत संतोष होता है कि मेरा 450 करोड़ रुपये का निवेश बढ़कर 16,500 करोड़ रुपए हो गया है। आरसीबी हमेशा मेरे डीएनए का हिस्सा रहेगी, जिसमें कई यादगार पल शामिल हैं ।

# ओडिशा की युवा तैराक अंजलि मुंडा ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में किया स्वर्ण पदक का इतिहास रचना

**रायपुर (एजेंसी)।** ओडिशा की 15 वर्षीय तैराक अंजलि मुंडा ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जिससे उन्होंने एक नया इतिहास रच दिया। वह इस प्रतियोगिता की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बनीं। अंजलि की यात्रा प्रेरणा से भरी है। 2022 में, जब वह विद्यालय में थीं, एक खेल शिक्षक ने बच्चों से खेल चुनने को कहा। अंजलि ने तैराकी का चयन किया, क्योंकि वह इससे थोड़ी परिचित थीं। उस समय उन्होंने कभी भी पेशेवर प्रशिक्षण नहीं लिया था और उनके लिए तैराकी केवल पानी में खेलने जैसा था। जाजपुर जिले के एक छोटे से गाँव की निवासी अंजलि ने 10 वर्ष की आयु में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस में प्रवेश लिया, जहाँ आदिवासी बच्चों को मुफ्त शिक्षा और आवास की सुविधा मिलती है। प्रारंभ में वह अपनी बड़ी बहन से प्रेरित थीं, जो तीरंदाजी में रुचि रखती थीं, लेकिन बाद में उन्होंने तैराकी को ही अपना लक्ष्य बना लिया। अंजलि ने शुरुआत में आत्मविश्वास की कमी महसूस की, लेकिन एक वर्ष बाद उन्होंने एक स्थानीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता। यह उनका पहला मेडल था जिसने उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद उन्होंने लगातार




मेहनत की और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में अंजलि ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 2-39-02 का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। यदि वह यह जीत नहीं पातीं, तो पहले दिन सभी स्वर्ण पदक कर्नाटक के खिलाड़ियों के खाते में जाते। 15 वर्षीय अंजलि ने कहा, सिल्वर मेडल मेरी जिंदगी का पहला मेडल था और यह बहुत खास है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिवरामकृष्णन का बड़ा खुलासा

# कोई अपनी बेटी की शादी मुझसे नहीं करवाना चाहता था

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय स्पिनर शिवरामकृष्णन ने अपने जीवन के मुश्किल दौर को याद करते हुए बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बहुत कम उम्र में ही उन पर शराब और ड्रग्स लेने के आरोप लगा दिए गए थे, जिससे उनकी छवि खराब हो गई और उन्हें डिप्रेशन का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, लोगों को बुरी बातें फैलाने में मजा आता है। मेरे ज्यादातर टूर 16 से 19 साल की उम्र में हुए। उस उम्र में होटल में मुझे शराब कौन सर्व करता? मैंने जिंदगी में कभी ड्रग्स नहीं लिया।

**शादी के लिए भी नहीं आए रिश्ते** - शिवरामकृष्णन ने बताया कि उनकी खराब छवि का असर उनकी निजी जिंदगी पर भी पड़ा। उनके माता-पिता ने शादी के लिए अखबार में विज्ञापन दिया था, लेकिन कोई रिश्ता नहीं आया। उन्होंने कहा, दो



हफ्ते बाद जब पोस्ट बॉक्स खोला तो एक भी जवाब नहीं था। लोगों ने मेरी छवि इतनी खराब कर दी थी कि कोई अपनी बेटी की शादी मुझसे नहीं करना चाहता था।

**भारतीय टीम से बाहर होने का दर्द** - शिवरामकृष्णन ने भारतीय टीम से बाहर होने का किस्सा भी बताया। उन्होंने कहा कि चयनकर्ताओं ने उनसे मीडिया से झूठ बोलने को कहा था। उन्होंने कहा, 1987 वर्ल्ड कप के बाद सिलेक्टर्स ने कहा कि प्रेस से कहो कि तुम फिट नहीं हो। मैंने मना कर दिया। मैंने कहा अगर बाहर करना है तो कर दो, लेकिन मैं झूठ नहीं बोलूंगा।

हर्षित राणा के रिप्लेसमेंट बने

# केकेआर में पेसर नवदीप सैनी की एंट्री

- बुमराह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को टीम में शामिल किया है। वे चोटिल हर्षित राणा की जगह खेलेंगे। हर्षित टी-20 वर्ल्ड कप के प्रैक्टिस मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ चोटिल हो गए थे।

वहीं भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं। कोलकाता अपना पहला मैच मुंबई के खिलाफ 29 मई को वानखेड़े में खेलेगी।

**सैनी ने 2019 में पहला सीजन खेला-** नवदीप सैनी ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2019 में आरसीबी के साथ की थी। पहले सीजन में उन्होंने 13 मैच में 11 विकेट लिए थे। इसके बाद वे दो सीजन आरसीबी के साथ रहे और फिर राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए। सैनी ने अब तक आईपीएल में 23 विकेट लिए हैं और भारत के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके हैं।

### राणा आईपीएल से बाहर

हर्षित राणा आईपीएल 2026 से पूरी तरीके से बाहर हो गए हैं। इससे पहले राणा चोट की वजह से टी-20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेल पाए थे। टीम मैनेजमेंट ने विकल्पों पर चर्चा के बाद सैनी को चुना। इससे पहले चचक्रआकाश दीप की जगह सौरभ दुबे को भी टीम में शामिल कर चुका है।



### बुमराह स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे

इधर, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं। बुमराह आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। हाल ही में उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े में अभ्यास भी शुरू कर दिया है।

## न्यूज बाइट्स

### अंबा बाजार में भव्य शोभायात्रा, जय श्री राम के जयघोष से गूंजा इलाका

**अंबा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के अंबा बाजार में रामनवमी के पावन अवसर पर अष्टमी के दिन ही भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। नवयुवक संघ देव रोड के नेतृत्व में आयोजित इस जुलूस में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे बाजार में धार्मिक आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। शोभायात्रा का शुभारंभ देव रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस दौरान श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर "जय श्री राम" के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा अंबा बाजार गूंज उठा। विराज बिगहा गांव से भी एक जुलूस निकाला गया, जो बाद में मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राहुल राज, मुखिया प्रतिनिधि आकाश कुमार सिंह, विश्व सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कंचन गुप्ता, ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष अजीत पांडेय, आयोजन समिति अध्यक्ष आशीष सिंह और सचिव बाबू भैया उर्फ टिक्की सहित कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर जुलूस को रवाना किया। शोभायात्रा में राम दरबार, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती और हनुमान की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

शोभायात्रा की शुरुआत ब्लॉक मोड़ से पारंपरिक गाजे-बाजे, ढोल-सिंघा और भांगड़ा की धुन पर होगी

# रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा, पांच किमी लंबा जुलूस, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

- 401 डीजे संचालकों को पाबंद, 42 डीजे जब्त
- सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन से निगरानी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में रामनवमी को लेकर श्रद्धा, आस्था और उत्साह का माहौल चरम पर है। 28 मार्च को शहर में भव्य रामनवमी जुलूस सह शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। लगभग पांच किलोमीटर लंबी यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए धार्मिक एकता और परंपरा का संदेश देगी। शोभायात्रा की शुरुआत ब्लॉक मोड़ से पारंपरिक गाजे-बाजे, ढोल-सिंघा और भांगड़ा की धुन पर होगी। यह जुलूस जसोईया मोड़ तक जाएगा और फिर वापस ब्लॉक मोड़, कर्मा मोड़, रमेश चौक होते हुए मुख्य बाजार स्थित जामा मस्जिद के पास पहुंचेगा। धर्मशाला मोड़ के पास विभिन्न पूजा समितियों की शोभायात्राएं एकत्रित होंगी, जहां सामूहिक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी जामा मस्जिद के पास सभी समितियों का मिलन इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा। इस भव्य आयोजन में रामनवमी पूजा समिति ब्लॉक मोड़ सत्येंद्र नगर, सरस्वती सुशोभित समिति काली मंदिर, शक्ति आराध्या समिति नावाडीह हनुमान मंदिर और श्री राम जानकी ठाकुरबारी पूजा समिति सहित कई समितियां भाग लेंगी। शोभायात्रा में इस वर्ष 12 से अधिक आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिनमें भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान की लगभग 15 फीट ऊंची प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी।

प्रशासन द्वारा डीजे पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद सभी समितियों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ जुलूस निकालने का निर्णय लिया है, जिससे सांस्कृतिक परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। नवरात्रि के प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। सीताराम और हनुमान की प्रतिमाएं स्थापित कर नवाह पारायण पाठ किया जा रहा है। प्रतिदिन संध्या आरती के बाद वाराणसी से आए विद्वान आचार्य डॉ. मनोहर मिश्र द्वारा प्रवचन दिया जा रहा है। 27 मार्च को नवमी तिथि के अवसर पर 101 बालिकाओं के साथ कन्या पूजन और भंडारा का आयोजन कर नवाह पारायण का समापन किया जाएगा। शोभायात्रा से पहले एक पैदल संपर्क यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें लगभग 1500 श्रद्धालु शामिल होंगे। यह यात्रा क्लब रोड साईं मंदिर से शुरू होकर नावाडीह, विराटपुर, संकट मोचन मंदिर, धर्मशाला मोड़ और टिकरी रोड होते हुए बाईपास तक जाएगी।

## रामनवमी से पूर्व डीएम-एसपी का पैदल मार्च, शांति बनाए रखने की अपील



**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से शहर में पैदल मार्च कर विधि-व्यवस्था का जायजा लिया और आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासनिक टीम ने गेट स्कूल से रमेश चौक होते हुए नगर थाना तक फ्लैग मार्च किया। इसके बाद रमेश चौक से नगर थाना तक पैदल मार्च कर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संदेश दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रामनवमी को लेकर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। डीएम और एसपी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं तथा किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा है कि सामूहिक प्रयास से ही रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सकता है।

# सीएम ने दीदी की रसोई एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

## जीविका दीदियों को मिला नया रोजगार मंच

निज संवाददाता | बारूण औरंगाबाद



समृद्धि यात्रा के चौथे चरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारुण प्रखंड के मुंशी बिगहा में जीविका "दीदी की रसोई एक्सप्रेस" भोजन वाहन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने इस पहल की अवधारणा, संचालन और उद्देश्य की विस्तार से जानकारी ली। यह पहल जीविका से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। "दीदी की रसोई एक्सप्रेस" के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब शुद्ध, पौष्टिक और किफायती भोजन को शहरों, सार्वजनिक स्थलों तथा पर्यटन स्थलों तक पहुंचा सकेंगी।

इस योजना का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें उद्यमिता की ओर प्रेरित करना भी है। इस चलित भोजन वाहन में तैयार किए जाने वाले व्यंजन स्थानीय स्वाद और पोषण को ध्यान में रखकर बनाए जाएंगे, जिससे आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण भोजन सुलभ हो सके। प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि इस पहल के तहत एक केंद्र सदर प्रखंड के कनबेहरी तालाब के पास भी स्थापित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक इस सेवा का लाभ पहुंच सके।

ज्ञात हो कि "दीदी की रसोई" पहले से ही अस्पतालों एवं अन्य स्थानों पर संचालित होकर लोगों को सस्ती दरों पर भोजन उपलब्ध करा रही है। अब "दीदी की रसोई एक्सप्रेस" के रूप में इसका विस्तार इसे नई दिशा देने वाला साबित होगा। इससे जीविका दीदियों को अपने उत्पादों के विपणन का बेहतर अवसर मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने जीविका दीदियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी पहल बताया।

## गैस आपूर्ति सामान्य, प्रशासन सतर्क, समय पर वितरण के निर्देश



औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)। जिले में गुरूवार को गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा दैनिक मांग के अनुरूप गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है और लंबित बुकिंग का निष्पादन भी लगातार किया जा रहा है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7552 सिलेंडर की मांग के मुकाबले लगभग 6557 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि आपूर्ति व्यवस्था संतुलित और नियंत्रित ढंग से चल रही है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन किया जाए तथा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि किसी भी स्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाए। प्रखंड स्तर पर भी निगरानी को मजबूत किया गया है। संबंधित अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था पर नजर रखने और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को देने को कहा गया है। आमजन की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्या 06186-295027) को सक्रिय रखा गया है, जहां लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 26 मार्च को प्राप्त कुल 14 शिकायतों में से 12 का समाधान कर दिया गया है, जबकि 2 शिकायतों पर कार्रवाई जारी है। जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि वितरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। कालाबाजारी और जमाखोरी की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।




## मॉल के पास मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)



मदनपुर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान झिकटियां गांव निवासी प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद मंगलवार की शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। गुरुवार सुबह सूचना मिली कि जिस मॉल में उसकी पत्नी काम करती थी, उसी के पास उसका शव पड़ा हुआ है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रमोद बेहद गरीब परिवार से था। उसके निधन से दो बेटियों और एक बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों ने युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि प्रमोद पहले एक किराना दुकान में काम करता था, जहां से उसे चोरी के आरोप में कुछ दिन पहले निकाल दिया गया था और इस संबंध में लिखित समझौता भी हुआ था। परिजनों का आरोप है कि इसी मामले को लेकर उसकी हत्या की गई है। वहीं, मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला बीमारी से मौत का प्रतीत हो रहा है।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों से आवेदन मिलने पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## 16 लोगों को मिले गुम हुए मोबाइल

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गुम हुए मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर गुरुवार को उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया। इस कार्रवाई से लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। पुलिस उपनिरीक्षक ध्रुव कुमार ने बताया कि 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत तकनीकी आधार पर कुल 16 मोबाइल फोन बरामद किए गए। सभी मोबाइलों की पहचान कर उन्हें विधिवत उनके असली मालिकों को सुपुर्द कर दिया गया।















सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

संदेश

रामनवमी के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम सत्यनिष्ठा, न्याय, करूणा और साहस की प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन एवं आदर्श पीढ़ियों से मानव समाज को धर्म, कर्तव्य और उच्च नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहे हैं।

आइए, इस पुनीत अवसर पर हम सब प्रभु श्रीराम द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हुए एक समरस, न्यायपूर्ण और गौरवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.: 026799 (Governor Secretariat)D. 2025-26